Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ




श्री दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 318 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | दुर्ग, मंगलवार 30 सितंबर 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की नीतियों से नौजवानों की उम्मीदें हो रही खत्म : राज बब्बर

**लखनऊ।** राज बब्बर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों से नौजवानों की सारी उम्मीदें खत्म हो गई हैं। जहां इनकी सरकार है, वहां युवा सड़कों पर हैं। ये लोग जो भी वादे करते हैं, उसे पूरा नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि जहां भी भाजपा की सरकार है, उन राज्यों में नौजवानों का बुरा हाल है और वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। सरकार इन लोगों को सुन नहीं रही है, जिसकी वजह से युवाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

वोट चोरी पर बब्बर ने कहा कि आप लोगों ने भी देखा है कि कई जगहों पर वोट चोरी के सबूत भी मिले हैं। सबूत देखने के बाद कोई भी वोट चोरी की बात को नकार नहीं सकता है। वोट चोरी कई तरीकों से की जा रही है। कांग्रेस पार्टी में चल रही गुटबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर राज बब्बर ने कहा कि लोकतंत्र में गुटबाजी पार्टियों को मजबूत करती है। उन्होंने याद दिलाया कि जब से कांग्रेस पार्टी बनी है, तब से ही गुट हैं। पहले इन्हें नरम दल और गरम दल के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कहा कि यह गुटबाजी कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रीय नेतृत्व और उनके फैसलों की बात आती है तो कोई गुटबाजी नहीं होती।

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला के बयान पर राज बब्बर ने कहा कि हर पार्टी के हर नेता को बोलने का अधिकार है, लेकिन यह जनता तय करेगी कौन सत्ता में और कौन बाहर रहेगा। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

बिहार विधानसभा चुनाव पर राज बब्बर ने कहा कि भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली है। जनता उनकी सच्चाई जान चुकी है। युवा सड़कों पर आ रहे हैं, इससे बेकार दिन और क्या आएंगे?

### भाजपा की दिल्ली इकाई को मिलेगा नया भवन, हवन पूजन में शामिल हुईं सीएम रेखा गुप्ता, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली ।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा के नए दिल्ली मुख्यालय में हवन पूजन किया। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद और प्रवेश वर्मा भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इस कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं भाजपा कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देती हूं कि यह कार्यालय बनकर तैयार हुआ और प्रधानमंत्री मोदी के हाथों से इसका उद्घाटन होगा।

खुद को पार्टी की एक कार्यकर्ता बताते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे भी इस नए कार्यालय को लेकर खुशी है। उन्होंने कहा, मैं स्वयं एक कार्यकर्ता हूं और मुझे खुशी है कि सभी कार्यकर्ता इस कार्यालय में अपने भविष्य की नींव रख सकते हैं।

दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने से कहा कि भाजपा की दिल्ली इकाई के नए कार्यालय में अभी हवन पूजन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी यहां आकर इसका उद्घाटन करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता आधारित जन संगठन है। न सिर्फ कार्यकर्ताओं के विकास का, बल्कि जन सेवाओं के लिए प्रेरित करने का केंद्र कार्यालय को मानकर भारतीय जनता पार्टी काम करती है।उन्होंने कहा कि सरकारी भवन से हटकर अब भाजपा की दिल्ली इकाई अपने खुद के भवन में आएगी।

## परिवार के सदस्यों व अधिकारियों से पूछताछ के कारण प्रक्रिया जटिल हुई: एसआईसीसीएल

# सहारा समूह की संपत्ति अदाणी प्रॉपर्टीज को बेचने की तैयारी, सुप्रीम कोर्ट से मांगी गई मंजूरी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सहारा समूह की कंपनियों के भविष्य से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। कंपनी के नीति निर्धारक समूह की संपत्तियों को अदाणी प्रापॅपर्टीज प्राइवेट लिमिटेट को बेचने की तैयारी कर रहे हैं। इसकी अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) ने महाराष्ट्र में एम्बी वैली और लखनऊ में शाहरा शहर समेत विभिन्न संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हाल ही में दाखिल इस याचिका पर संभवत: 14 अक्तूबर को सुनवाई होगी।



अधिवक्ता गौतम अवस्थी की ओर से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट से सहारा समूह की संपत्तियों को बेचने की अनुमति मांगी गई है। समूह की संपत्तियों को 6 सितंबर, 2025 की टर्म शीट में निर्धारित नियमों और शर्तों पर अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की मंजूरी देने की अपील की गई है। सहारा समूह से संबंधित लंबित मामलों में दायर अंतरिम आवेदन में कहा गया है कि इस न्यायालय की ओर से समय-समय पर पारित विभिन्न आदेशों पालन करते हुए न्यायालय की अनुमति हासिल कर, एसआईसीसीएल और सहारा समूह बड़ी कठिनाई से अपनी कुछ चल और अचल संपत्तियां बेच पाए। इसकी आय को सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा कर दिया गया है।

बयान में कहा गया है, कुल 24,030 करोड़ रुपये की मूल राशि में से सहारा समूह ने अपनी चल और अचल संपत्तियों की बिक्री/परिसमापन (लिक्विडेशन) के जरिए लगभग 16,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाई और उसे सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा कर दिया है।

प्रतिष्ठित एस्टेट ब्रोकरेज कंपनियों की सेवाएं लेने के बावजूद सहारा समूह की परिसंपत्तियों को बेचने या बेचने में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) की असमर्थता की ओर इशारा करते हुए एसआईसीसीएल ने कहा कि सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा की गई पूरी धनराशि आवेदक और सहारा समूह के प्रयासों से और बड़ी कठिनाई से जमा की गई थी।

सुब्रत रॉय के परिवार के सदस्य कंपनी के दैनिक प्रबंधन में नहीं थे शामिल

एसआईसीसीएल ने आगे कहा कि नवंबर 2023 में सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय की मृत्यु के बाद, समूह ने अपना एकमात्र निर्णयकर्ता खो दिया है। वे अपने जीवित रहते समूह की ओर से सभी निर्णय ले रहा थे

याचिका में कहा गया है, दिवंगत सुब्रत रॉय के परिवार के सदस्य सहारा समूह के दैनिक व्यावसायिक संचालन और प्रबंधन में शामिल नहीं थे। हालांकि, निवेशकों के हितों की रक्षा करने की परिवार के सदस्यों की इच्छा को ध्यान में रखते हुए, सहारा समूह ने निर्णय लिया है कि सहारा समूह की परिसंपत्तियों को अधिकतम मूल्य पर और शीघ्रता से बेचा जाए ताकि इस न्यायालय की ओर से पारित आदेशों का पालन किया जा सके, सहारा समूह की देनदारियों का निर्वहन किया जा सके और वर्तमान अवमानना कार्यवाही को समाप्त किया जा सके। एसआईसीसीएल ने कहा कि यह निर्णय सभी हितधारकों, विशेषकर सहारा समूह के निवेशकों के हित में लिया गया है।

एसआईसीसीएल के अनुसार मौजूदा बाजार स्थितियों, व्यवहार्य प्रस्तावों की अनुपस्थिति और कई मुकदमों के लंबित रहने के कारण प्रयासों से कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। इससे सामूहिक रूप से खरीदार का विश्वास कम हुआ और उक्त संपत्तियों की बाजार क्षमता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। इसमें कहा गया है कि कई जांच एजेंसियों की ओर से दिवंगत सुब्रत रॉय के परिवार के सदस्यों और सहारा समूह के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ पूछताछ शुरू करने से यह प्रयास और जटिल हो गया है।

## मोदी ने इटली पीएम की ऑटोबायोग्राफी की प्रस्तावना लिखी:कहा- यह मेलोनी की 'मन की बात'; उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की ऑटोबायोग्राफी 'आई एम जॉर्जिया - माय रूट्स, माय प्रिंसिपल्स' के इंडियन एडिशन के लिए फॉरवर्ड (प्रस्तावना) लिखा है।

इस किताब को जल्द ही भारत में रूपा पब्लिकेशंस लॉन्च करेगा। मोदी ने मेलोनी को एक 'देशभक्त और बेहतरीन समकालीन' नेता' बताते हुए तारीफकी। साथ ही उनकी निजी और राजनीतिक यात्रा को भारत के लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया।

मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' का जिक्र करते हुए इस किताब को मेलोनी की 'मन की बात' जैसा बताया। मोदी ने लिखा कि उनके लिए यह 'बहुत बड़ा सम्मान' है कि वे इस किताब की प्रस्तावना लिख रहे हैं और वे यह काम मेलोनी के प्रति 'सम्मान, प्रशंसा और दोस्ती' की भावना के साथ कर रहे हैं।

जॉर्जिया मेलोनी की ऑटोबायोग्राफी 2021 में इतालवी भाषा में आई थी।

अपने प्रस्तावना में मोदी ने अपने 11 साल



के कार्यकाल में दुनिया के कई नेताओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मेलोनी का जीवन स्थिरता और जड़ों से जुड़े रहने के महत्व को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, 'किसी की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए दुनिया के साथ समान स्तर पर बातचीत करना हमारे मूल्यों से मेल खाता है।' मेलोनी कई बा मोदी को अपना अच्छा दोस्त बता चुकी हैं। मेलोनी की आत्मकथा पहली बार इटली में 2021 में **Rizzoli** पब्लिशिंग ने प्रकाशित की था। इसका इटालियन संस्करण **'Io Sono Giorgia'** के नाम से जारी किया गया था। यह किताब प्रकाशन के पहले साल में ही 1,50,000 कॉपी बिक चुकी थीं। यह देश में टॉप सेलर रही। इसका अंग्रेजी संस्करण 17 जून 2025 को लॉन्च हुआ था। इसकी प्रस्तावना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर ने लिखी। यह किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्टसेलर बन गया है।

मूल रूप से इटली में प्रकाशित यह आत्मकथा मेलोनी के निजी और राजनीतिक जीवन के बारे में बताया गया है। इसमें उन्होंने अपने बचपन, रोम के गारबटेला मोहल्ले, अपनी मां अन्ना, बहन अरियाना, और दादा-दादी मारिया और जियानी के बारे में बताया है।

साथ ही,पिता को खोने के दर्द को भी बयां किया है। किताब में उनकी किशोरावस्था में शुरू हुई राजनीति के प्रति रुचि, मंत्रालयी पद, फ्राटेली डी 'इटालिया और यूरोपियन कंजरवेटिव्स की लीडरशिप, और आखिर में इटली की पीएम पद तक पहुंचने की कहानी है।

किताब में मेलोनी अपनी बचपन की कठिनाइयों (जैसे पिता का घर छोड़ना, स्कूल में मिली धमकियां), राजनीतिक यात्रा का जिक्र करती हैं।

## '...हिंसा और आतंक के लिए कोई जगह नहीं', कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन किया घोषित

**ओटावा ( एजेंसी )।** कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। इसे लेकर कनाडा की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में लिखा गया है कि, कनाडा में हिंसा और आतंक के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जो किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर भय और धमकी का माहौल बनाते हैं। इसीलिए, जन सुरक्षा मंत्री, गैरी आनंदसांगरी ने आज घोषणा की कि कनाडा सरकार ने बिश्नोई गिरोह को आपराधिक संहिता के तहत एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है।

### मंत्री गैरी आनंदसांगरी का बयान

जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा, 'कनाडा में हर व्यक्ति को



अपने घर और समुदाय में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। बिश्नोई गैंग ने कुछ समुदायों को डर और हिंसा के माध्यम से निशाना बनाया है। इस गैंग को आतंकवादी सूची में डालने से हमें उनके अपराधों को रोकने और समाज में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपकरण मिलते हैं।'

### कनाडा में कुल 88 आतंकवादी संगठन

कनाडा सरकार के अनुसार, अब क्रिमिनल कोड के तहत कनाडा में कुल 88 आतंकवादी संगठन सूचीबद्ध हैं। क्रिमिनल कोड के तहत किसी आतंकवादी संगठन की संपत्ति या वित्तीय सेवाओं से जुड़े कार्य करना अपराध है। कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी), आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों की रोकथाम, पता लगाने और जांच करने के लिए जिम्मेदार है। अब कनाडा में बिश्नोई गैंग की संपत्ति, वाहन और पैसे कनाडा में जब्त या फ्रीज किए जा सकते हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस गैंग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिक शक्तियां मिलती हैं, जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण, यात्रा और भर्ती पर रोक। कनाडा और विदेश में किसी भी व्यक्ति के लिए यह गैरकानूनी है कि वह जानबूझकर आतंकवादी संगठन की संपत्ति से जुड़े।

## सीबीआई ने एचपीपीसीएल चीफ इंजीनियर देसराज से की तीन घंटे तक पूछताछ, विमल नेगी आत्महत्या मामला

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में सीबीआई ने लंबी कार्रवाई की। एजेंसी ने बिजली बोर्ड के चीफ इंजीनियर देसराज से करीब पौने तीन घंटे तक पूछताछ की।

परिजनों ने देसराज, पूर्व एमडी हरिकेष मीणा और डायरेक्टर पर्सनल पर विमल नेगी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। इन शिकायतों के आधार पर छोटा शिमला पुलिस थाना में तीनों अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

सीबीआई ने पूछताछ के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग की, जिसे सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई में पेश किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही निर्देश दे रखा है कि देसराज से पूछताछ वीडियोग्राफी के साथ हो।

शिमला पुलिस की जांच से असंतुष्ट परिजनों की शिकायत पर हाईकोर्ट ने यह केस सीबीआई को सौंपा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा और पूर्व ष्ठत्नक्कअतुल वर्मा की रिपोर्ट में पुलिस जांच पर सवाल उठाए गए थे।

## कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देंगे एलन मस्क, कंटेंट हटाने के आदेश ने बढ़ाई 'एक्स' की चिंता

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के टेक डाउन ऑर्डर को चुनौती देने वाली 'एक्स' की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारत में काम करने के लिए देश के कानूनों का पालन करना अनिवार्य है। याचिका खारिज होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की प्रतिक्रिया सामने आई है।

अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के एक्स प्लेटफॉर्म की ओर से सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया, एक्स भारत में कर्नाटक की एक अदालत के हालिया आदेश से बेहद चिंतित है, जो लाखों पुलिस अधिकारियों को 'सहयोग' नामक एक गुप्त ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने का आदेश जारी करने की अनुमति देगा। इस नई व्यवस्था का कानून में कोई आधार नहीं है। यह आईटी अधिनियम की धारा 69 का उल्लंघन करती है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का उल्लंघन करती है और भारतीय नागरिकों के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकारों का हनन करती है। पोस्ट में कहा गया कि सहयोग अधिकारियों को केवल अवैधता के आरोपों के आधार पर, न्यायिक समीक्षा या वक्ताओं के लिए उचित प्रक्रिया के बिना, कंटेंट हटाने का आदेश देने में सक्षम बनाता है और



गैर-अनुपालन के लिए प्लेटफार्मों पर आपराधिक दायित्व की धमकी देता है। 'एक्स' भारतीय कानून का सम्मान करता है और उसका अनुपालन करता है, लेकिन यह आदेश हमारी चुनौती में मूल संवैधानिक मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहता है और बॉम्बे हाईकोर्ट के हालिया फैसले के साथ असंगत है कि एक समान व्यवस्था असंवैधानिक थी। हम इस विचार से सम्मानपूर्वक असहमत हैं कि विदेश में हमारे निगमन के कारण हमें इन चिंताओं को उठाने का कोई अधिकार नहीं है। 'एक्स' भारत में सार्वजनिक संवाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है और हमारे उपयोगकर्ताओं की आवाज हमारे मंच के केंद्र में है। हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए इस आदेश के खिलाफ अपील करेंगे।

## जब भी देश को किसी समस्या या मुशिकल का सामना करना पड़ा है, पंजाब ने ढाल बनकर देश को बचाया-मान

# पंजाब की मुश्किल घड़ी में सिर्फ 1,600 करोड़, जबकि बिहार को मिला 7,500 करोड़- भगवंत मान

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** बाढ़ के मुद्दे का राजनीतिकरण करने के लिए विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के लोग संकट की घड़ी में राज्य के साथ धोखा करने वाले असंवेदनशील और अवसरवादी नेताओं को कभी माफ नहीं करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विशेष सत्र बाढ़ के बाद राज्य के पुनर्वास पर चर्चा के लिए बुलाया गया था, लेकिन इन नेताओं की संकीर्ण मानसिकता के कारण यह आलोचना तक सिमट गया। उन्होंने कहा कि पंजाब, भाग्यशाली धरती है और यहां सब कुछ खो देने के बाद भी फिर से उभरने की प्रवृत्ति है, लेकिन पीठ में छुरा घोंपने वाले ऐसे नेताओं ने हमेशा इसे बर्बाद करने की कोशिश की है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं भी पंजाबियों की कड़ी मेहनत और दृढ़ इरादों के सामने झुक जाती हैं। उन्होंने पंजाबियों की बहादुरी से अवगत कराने के लिए सरागढ़ी की लड़ाई, लोंगोवाल की लड़ाई और अन्य ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी देश को किसी समस्या या मुश्किल का सामना करना पड़ा है, पंजाब ने ढाल बनकर देश को बचाया है, चाहे वह देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना हो, अपनी सीमाओं की रक्षा करना हो या राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम हो। उन्होंने कहा कि जब पंजाब पर कोई संकट आता है, तो केंद्र सरकार हमारी समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाती है और संकट में पंजाब को अपने हाल पर छोड़ देती है।

भगवंत सिंह मान ने इसका उदाहरण देते हुए कहा कि दीनानगर हमले के बाद पंजाब को भारतीय सेना की लागत चुकाने के लिए कहा गया था, जो सीमा पार से हुए आतंकी हमले को नाकाम करने के लिए पंजाब आई थी। इस गंभीर संकट की घड़ी में सभी पंजाबियों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को फिर से खड़ा करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह पंजाब के लिए प्रधानमंत्री के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने से भी नहीं हिचकिचाएंगे।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग से नहीं डरते और राज्य के हितों की रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है क्योंकि इतिहास उन सभी को याद रखेगा जिन्होंने इस संकट की घड़ी में राज्य की भलाई के लिए काम किया और जिन्होंने रुकावटें खड़ी कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वह समय है जब हमें सभी को एक साथ आकर और अपने मतभेद भुलाकर पंजाब और इसके लोगों को इस गंभीर संकट से बाहर निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं को अपने प्रभाव का उपयोग करके राज्य के लोगों को इस संकट से बाहर निकालने में मदद करनी चाहिए और यही पंजाब की असली सेवा है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों और सभी समाजसेवी लोगों के समर्थन से वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब देश में अग्रणी राज्य के रूप में फिर से उभरेगा।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष को तंज कसते हुए कहा कि बाढ़ विपक्ष के कहने के अनुसार मानव निर्मित नहीं थी, बल्कि एक प्राकृतिक आपदा थी। उन्होंने विपक्ष को चुनौती दी कि क्या हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य राज्यों में आई बाढ़ भी उनके नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा योजनाबद्ध थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि विपक्ष को इस गंभीर संकट की घड़ी, जब राज्य अपनी सबसे बड़ी आपदा का सामना कर रहा है, में राजनीति करने से बचना चाहिए। बाढ़ के कारण हुई तबाही का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे 2,300 से अधिक गांव डूब गए, 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए और पांच लाख एकड़ जमीन में फसलें नष्ट हो गईं। उन्होंने दुख जताया कि इस तबाही में 56 लोगों की जान चली गई।

## बरेली दंगा मामला- यूपी पुलिस ने 15 उपद्रवियों को किया गिरफ्तार, निकाले गए फ्लैग मार्च

**बरेली ( एजेंसी ) ।** उत्तर प्रदेश के बरेली में हुए दंगे के मामले में यूपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बरेली सिटी के एसपी मानुष पारीक ने समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद कुछ लोगों ने उपद्रव मचाया था। इस मामले में अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज हुईं। शनिवार को 12 उपद्रवियों को जेल भेजा गया था, वहीं रविवार को थाना बरादरी और थाना कोतवाली से 15 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी सामग्री बरामद की है। इसमें प्लास्टिक के कट्टे में रखे ईंट-पत्थर के टुकड़े, पांच जोड़ी पुरानी चप्पलें, एक 12 बोर



का जिंदा कारतूस, एक 13 बोर के खोखे में जिंदा कारतूस और एक 315 बोर का तमंचा शामिल है।

एसपी ने साफ कहा कि ये सभी मामले शहरी इलाके से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि पूरे मामले की जांच और उचित कार्रवाई के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है।

दूसरी ओर, डीआईजी अजय साहनी ने भी पुलिस बल के साथ शहर में फ्लैग मार्च किया। संवेदनशील इलाकों में पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती की गई है, ताकि हालात नियंत्रण में रहें और कोई अप्रिय घटना न हो।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों को सुरक्षा का भरोसा देना और यह दिखाना था कि प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर रखे हुए है। उन्होंने सभी नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील भी की है।

## संक्षिप्त समाचार

### वॉट्सअप डिप्रेशन बना संस्कार की आत्महत्या करने की वजह



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** राजकिशोर नगर में 17 युवक संस्कार ठाकुर ने खुद को गोली मार ली है। बताया जा रहा है कि युवक डिप्रेशन में था। हालांकि नीट में उसका सलेक्शन हो गया था और भोपाल में पढ़ाई कर रहा था।

कांग्रेस नेता अजय सिंह ठाकुर का भतीजा और उनके छोटे भाई चित्रसेन ठाकुर के पुत्र संस्कार ठाकुर ने खुद को गोली मार ली है। इस घटना से मौके पर ही मौत हो गई है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के राजकिशोर नगर की है। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से बहुत परेशान चल रहा था। इसके पहले भी उसने एक बार फिनायल पीकर भी आत्महत्या करने का प्रयास किया था। रायपुर में लंबा इलाज के बाद उसकी जान बची थी। डिप्रेशन का इलाज भी चल रहा था। घर के लोग उस पर पूरे समय नजर भी रखते थे। लेकिन इत्तफाक से आज वह घर में अकेला था। मौका देखकर उसने अपने आपको लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुट गई है।

### इस बार शहर कांग्रेस को मिलेंगी विजय और विजय से मुक्ति, दिपावली के पूर्व मिल जाएगा कांग्रेसियों को उपहार

**बिलासपुर( समय दर्शन )।** कांग्रेस के भीतर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर हलचल बढ़ गई। बिलासपुर में अध्यक्ष चुनने के लिए जो पर्यवेक्षक आ रहे हैं उनका नाम मध्य प्रदेश से है वह मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघर है साथ ही इस बार सीधे निर्देश दिए गए हैं कि किसी के भी मेहमान नवाजी कुबूल नहीं करनी है। वे बिलासपुर शहर, ग्रामीण और मुंगेली के पर्यवेक्षक हैं। 6 माह पहले जिन 11 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुई थी वहां फिर से पर्यवेक्षक बनाए गए हैं इसे लेकर बड़े नेताओं ने चुप्पी साध ली है। मामला गंभीर है दशहरा बीतते ही पर्यवेक्षक का दौर शुरू हो जाएगा दावेदारों के लिए लंबा चौड़ा फॉर्म पूरी जानकारी के साथ जमा करना अनिवार्य है। किसी बड़े नेता की सिफारिश योग्यता मान ली जाएगी शहर और ग्रामीण कांग्रेस को बहुत लंबे अरसे के बाद विजय और विजय से मुक्ति मिलेगी। यह बिलासपुर कांग्रेस के लिए दिवाली के पूर्व उपहार होगा।

### कौशल विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने किया अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसुचित जाति विकास मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में विगत दिवस सतनामी आश्रम कल्याण समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब ने सतनामी आश्रम कसारीडीह, सिविल लाईन दुर्ग में अतिरिक्त कक्ष (नवीकृत कम्युनिटी हॉल) के द्वार पर फीता काटकर कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक दुर्ग (ग्रामीण) श्री ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भी उपस्थित थे। मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता, अखण्डता पर विशेष जोर देते हुए सभी को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने उपस्थित नागरिकों को अतिरिक्त कक्ष के उद्घाटन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को गुरु घासीदास जी के बताए सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# आँगनबाड़ी केंद्र मे अनौपचारिक शिक्षा किट किया गया प्रदाय



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** सरायपाली के जटाकन्हार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 29 सितंबर 2025, सोमवार को राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया । महिला बाल विकास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पोषण पर चर्चा-परिचर्चा और पोषण किट द्वारा गोद भराई, व अन्नप्रासन का रस्म हुआ।

कार्यक्रम मे श्रीमती कुमारी भास्कर सभापति जिला पंचायत, श्रीमती उषा पटेल सभापति महिला बाल विकास सरायपाली, उद्धव नंद सभापति जनपद पंचायत सरायपाली, की गरिमामयी उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

श्रीमती भास्कर ने गर्भवती और धात्री महिलाओं को संतुलित आहार व स्वस्थ जीवन शैली के लिए गर्भावस्था और प्रसव के बाद हरी सब्जियों, दाल, फल और दूध जैसे पौष्टिक आहार के सेवन पर जोर दिया, ताकि मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहें और उन्हें समुचित पोषण मिल सके । संतुलित आहार और पोषण से मां व बच्चे के स्वस्थ रहने की बात कही। श्रीमती उषा पटेल ने उपस्थित परिजनों से आग्रह किया कि गर्भ के पहले तिमाही में गर्भवती का पंजीकरण कराएं, नियमित जांच करवाएं उद्धव नंद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे एक स्वस्थ और सक्षम समाज का निर्माण होता है। रामसिंग मिरी परियोजना अधिकारी ने पोषण माह 2025 की थीम पर आयोजित कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से बताया साथ हि साथ सेवा पखवाड़ा आदि कर्मयोगी के बारे मे बताया गया। आदि कर्मयोगी अभियान जिसमे जनजातीय लोगो को विकसित भारत अभियान के तहत ग्रामीणों मे लीडरशिप की भावना पैदा करने उनको सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है । राष्ट्रीय पोषण माह, पोषण साक्षरता और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए जन आंदोलन को आगे बढ़ा रहा है। इस वर्ष के संस्करण में कुपोषण को दूर करने और स्थायी स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए नवीन और समावेशी विचारों पर प्रकाश डाला गया है। मोटापा हमारे देश के लिए एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। आने वाले सालों में हर तीसरा व्यक्ति इसका शिकार होगा। हमें खुद को मोटापे से बचाना होगा। खाना बनाते समय 10% तेल कम करने जानकारी दी गयी। बच्चों का पोषण सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालाँकि पूरे साल उनके पोषण पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, लेकिन एक महीना ऐसा होता है, जब पूरा देश इस पर खास ज़ोर देता है।

**शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार ( आईवाईसीएफ) प्रथाएँ:** बेहतर पोषण के लिए दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए आहार प्रथाओं को बेहतर बनाने का लक्ष्य, जिसमें सही मात्रा में स्तनपान और पूरक आहार पर ज़ोर देना शामिल हैं। पोषण और देखभाल में पुरुषों की भागीदारी पर भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती चंद्रिका कुमार पर्यवेक्षक महिला बाल विकास सरायपाली द्वारा किया गया ।कार्यक्रम मे श्रीमती कुमारी भास्कर सभापति जिला पंचायत महासमुंद, श्रीमती उषा पटेल सभापति महिला बाल विकास सरायपाली, उद्धव नंद सभापति जनपद पंचायत सरायपाली, लाल कुमार पटेल सभापति प्रतिनिधि सरायपाली, हरीशंकर नेटी सरपंच, जुगेश्वर चौधरी सचिव, आबा कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# छठवें दिवस पर हुआ सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र, नाटक देख हुए लोग भावुक

### राजा हरिश्चंद्र की भूमिका में कोमल शर्मा ने किया शानदार अभिनय, लोग की आंखे हुई नम



**भाटापारा ( समय दर्शन )।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 106 वर्ष के छठवें दिन पर सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र उर्फ़गुलशन का नाग जो नथाराम द्वारा लिखित नाटक का मंचन किया गया। निसमे राजा हरिश्चंद्र की भूमिका रामलीला के वरिष्ठ कलाकार कोमल शर्मा ने निभाई वही तारामती की भूमिका आयुष तिवारी और रोहित शुभ केशरवानी और विश्वामित्र वेदांश दधिच ने निभाई। राजा हरिश्चन्द्र की कहानी अत्यंत मार्मिक रही जिसके कारण लोगों के आँखें नम हुई। भगवान विष्णु की आरती में पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी एवं कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों ने भागीदारी निभाई, जिसमें भाटापारा शहर थाना टीआई प्रवीण मिंज ने संबोधन में रामलीला मंडल के कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं देते हुए अपने तरफ से भरपूर व्यवस्था एवं सहयोग करने की बात कही, ग्रामीण थाना टीआई लखेश केवट ने रामलीला मंचन के द्वारा नई पीढ़ी को एक दिशा देने का प्रयास बताया एवं आम जनों को ऐसी संस्था से, संस्कारों से, जोड़ने के लिए आह्वान किया। राधेश्याम अग्रवाल ने बाल कलाकारों के अभिनय क्षमता की प्रशंसा की कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक मंडल सदस्य देवेंद्र गुप्ता, कृषि उपज मंडी के प्रतिनिधि सत्या यादव , नगर पालिका परिषद से रवि शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत वर्मा, यातायात विभाग टीआई नरेश कांगे भी उपस्थित रहे। रामलीला कोषाध्यक्ष संदीप मल ने एएसपी हेमसागर सिदार को रामलीला की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया एवं बाल कलाकारों से उनका परिचय कराया। कलाकारों का उत्साह एवं उनके टीम भावना देखकर एसपी ने बहुत प्रसन्नता दिखाई। एसडीओपी तारेश साहू ने अपना कीमती समय निकालकर भाटापारा रामलीला का मंचन का आनंद लिया।

# सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य रास-गरबा महोत्सव का शुभारंभ

### गांधी मैदान में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फूमेमन ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** नगर के गांधी मैदान में आज से चार दिवसीय भव्य रास-गरबा महोत्सव का शुभारंभ श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, कैट अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा,निखिल वखारिया, समिति अध्यक्ष विनय दासवानी,संजीव साहू, मनोज खरे,ऐश्वर्य यदु,उत्तम सोनी,सुरेश मानिकपुरी, रितेश तांडी,भावेश सिन्हा,युगल शर्मा,अयोध्या यादव और सागर मयाणी भी उपस्थित रहे।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।उन्होंने कहा कि गरबा केवल नृत्य नहीं,यह हमारी संस्कृति,उत्साह और एकता का प्रतीक है ।इस महोत्सव के माध्यम से हम न केवल नृत्य का आनंद लेंगे,बल्कि हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को भी जीवित रखेंगे ।वही समिति अध्यक्ष विनय दासवानी ने कहा, हमारे शहर के युवा,महिलाएं और बच्चे इस महोत्सव को प्रेम और समर्पण के साथ मनाएंगे। हम सभी प्रतिभागियों और नागरिकों से अपील करते हैं कि वे गरबा का आनंद लें और इस महोत्सव को यादगार बनाएं। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन लगातार चौथे वर्ष आयोजित किया जा रहा है ।पहले दिन ही बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं और बच्चे पहुंचे और उन्होंने पारंपरिक ताल, हिंदी,गुजराती और छत्तीसगढ़ी गीतों में गरबा नृत्य का आनंद लिया।

# साय कैबिनेट बैठक पर टिकी 16,500 एनएचएम कर्मचारियों की उम्मीदें



**खैरागढ़ ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16,500 से अधिक संविदा कर्मचारियों की निगाहें कैबिनेट बैठक पर टिकी हैं। बीते दिनों 33 दिनों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे इन कर्मचारियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मांगों पर सहमति देते हुए तत्कालीन कार्यवाही शून्य करने और बहाली का आश्वासन दिया था। लेकिन 10 दिन बीतने के बावजूद 6 प्रमुख मांगों पर कोई ठोस सरकारी आदेश जारी नहीं हुआ है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है।

जहां एक ओर त्यौहारी मौसम में कई सरकारी व निजी संस्थानों में बोनस व लाभांश बांटे जा रहे हैं, वहीं एनएचएम कर्मचारियों के हिस्से आया है 33 दिनों की हड़ताल अवधि का वेतन कटौती आदेश। इससे कर्मचारी मायूस हैं। संगठन का कहना है कि हमने आंदोलन को सरकार के आग्रह पर स्थगित किया, लेकिन बदले में हमें आर्थिक दंड मिला।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने स्वयं 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली को कैबिनेट में रखने का आश्वासन दिया था। आज की कैबिनेट बैठक से हमें सिर्फ आशा नहीं, पूर्ण विश्वास है कि बहाली और लंबित मांगों पर निर्णय होगा।

प्रमुख मांगों में एनएचएम का स्वास्थ्य विभाग में संविलियन, नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करना, अन्य विभागों की तरह ग्रेड पे लागू करना, 2023 से लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि लागू करना, सीआर प्रणाली में पारदर्शिता लाना, एक माह का सवैतनिक दुर्घटना अवकाश (आदेश जारी), स्थानांतरण नीति लागू करना, अनुकंपा नियुक्ति का स्पष्ट प्रावधान, पब्लिक हेल्थ कैडर का निर्माण, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देना शामिल है।

एनएचएम कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से कई दौर की वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त की थी। प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान मिले आश्वासनों के बावजूद अब तक अपेक्षित आदेश नहीं आ सके हैं।

हड़ताल के समय मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा था कि, आप सभी हमारे बच्चे हैं, हमारी सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं करेगी। अब कर्मचारी यही सवाल पूछ रहे हैं कि क्या यह भावनात्मक वचन कैबिनेट की मुहर भी पाएगा या फिर उम्मीदें फिर टल जाएंगी?

आज की कैबिनेट बैठक में यदि बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली, वेतन कटौती आदेश की वापसी और लंबित मांगों पर निर्णय नहीं होता, तो यह आंदोलन एक बार फिर तेज हो सकता है।


# प्रेस क्लब भाटापारा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**भाटापारा ( समय दर्शन )।** प्रेस क्लब भाटापारा द्वारा दिनांक 27 सितंबर 2025 को एक ब्लड चेकअप एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्लब के सभी सदस्यों ने अपने ब्लड प्रेशर, शुगर, लीवर प्रोफाइल एवं वजन की जांच करवाई।

कार्यक्रम का संचालन नगर के ख्यातनाम चिकित्सक डॉ. विकास आडिल एवं उनकी विशेषज्ञ टीम के सौजन्य से किया गया। डॉ. आडिल ने मौके पर उपस्थित पत्रकारों को उनके स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण सलाह एवं जागरूकता भी प्रदान की। प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस प्रकार का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर पहली बार किया गया है, जिसे नगरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सराहा जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजकुमार मल, सचिव विनोद शर्मा सहित सभी पत्रकारों का सक्रिय सहयोग उल्लेखनीय रहा। यह आयोजन पत्रकारों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की दिशा में एक प्रशंसनीय पहल है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की उम्मीद जताई जा रही है।

# गढ़फुलझर में सर्वजन समाज मंगल भवन निर्माण विवादों के घेरे मे




**बसना( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर में सर्व जन समाज मंगल भवन निर्माण के लिए 43.65 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस कार्य की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल को दी गई थी। इसके तहत विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल **cgeproc.cg.in** पर निविदा आमंत्रित की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निविदा प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के प्रमाण सामने आए हैं। ऑनलाइन निविदा प्रकाशन एवं बीड सबमिशन की शुरुआत 29 जुलाई 2025 को दोपहर 3:15 बजे हुई और उसी दिन शाम 5:30 बजे अंतिम समय निर्धारित किया गया। यानी ठेकेदारों को निविदा डालने के लिए महज 2 घंटे 15 मिनट का समय दिया गया। इसके अलावा फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 शाम 5:30 बजे रखी गई थी।

आवेदक भक्तचरण कोसरिया ने आरोप लगाया है कि यह निविदा प्रक्रिया पूर्णतः मनमानी और भ्रष्टाचारपूर्ण तरीके से की गई। केवल एक समर्थक ठेकेदार का निविदा अपलोड होना इसकी पुष्टि करता है। आवेदक ने निविदा निरस्त करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। मामले की शिकायत राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, गृह निर्माण मण्डल सहित मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि शासन इस पर क्या कदम उठाता है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े रूद्राभिषेक कार्यक्रम में हुए शामिल



**महासमुन्द( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा आयोजित रूद्राभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिवजी की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक सम्पत अग्रवाल, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, उपाध्यक्ष श्रीमती हुलसी चंद्राकर, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, बॉस्केट बॉल संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महेन्द्र सिक्का, रेडक्रॉस के सभापति संदीप दीवान, पूर्व सदस्य युवा आयोग प्रशांत श्रीवास्तव, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, देवेन्द्र चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, श्रीमती अल्का चंद्राकर, संदीप घोष, शरद मराठा, आनंद साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम जनता मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को जन्मदिन की बधाई दी।

# बसना बड़े डाभा में सतनामी समाज ISSO का राज्य स्तरीय महासभा एवं शपथ समारोह



**बसना( समय दर्शन )।** महासमुंद जिलांतर्गत बसना विकासखण्ड के ग्राम बड़े डाभा में इंडियन ऑर्गेनाइजेशन सतनामी समाज का राज्य स्तरीय महासभा एवं शपथ समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजाराम बनर्जी, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दौलत प्रसाद रात्रे एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव लखन कुर्रे,प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र बोरे, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डिग्री रात्रे,सचिव पी. के. दिव्य, कोषाध्यक्ष राय सर,कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ गुरुनाथ जांगड़े, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ पार्वती कुर्रे,प्रदेश अध्यक्ष उड़ीसा ज्योति लाल बंजारे, जिला कोषाध्यक्ष खोलबहरा निराला,डिजेन्द्र कुर्रे कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष महासमुंद, जवाहर लहरे युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जिला महासमुंद, रोशन भास्कर ब्लॉक अध्यक्ष सराईपाली, रामप्रसादओगरे जिला अध्यक्ष बरगढ़,अनादि ओगरे जिला सचिव,सूरज भारती प्रदेश मीडिया प्रभारी,उसत रात्रे जिला सचिव,राजकुमार भारद्वाज जिला संरक्षक शक्ति,हुलेश्वर कांत महिलाने प्रदेश उपाध्यक्ष, अनु राम महिलांगे जिला अध्यक्ष शक्ति, खुमान भास्कर प्रदेश प्रवक्ता युवा प्रकोष्ठ, सुकृता कुर्रे प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सुंदरलाल चतुर्वेदी प्रदेश महामंत्री, पुनीत खूंटे, खिलावन बारिक, मधु खूंटे जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ महासमुंद के अलावा अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

उपस्थित संतों द्वारा गुरू वंदना आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष श्री बनर्जी ने कहा कि सामाजिक समरसता का मूल उद्देश्य समाज समाज के बीच भाईचारा, सद्भावना और अपनत्व का निर्माण करना है। इंसान को मात्र इंसान के रूप में ही देखना है। हर एक इंसान का अस्तित्व स्वीकार करना है। किसी के साथ जात-पात, धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय या भाषा के आधार पर भेदभाव करना नहीं है, बल्कि उनके साथ मिलजुल कर चलना है ।शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार को लेकर इंडियन ऑर्गेनाइजेशन सतनामी समाज आगे बढ़ रही है।

प्रदेश महासभा कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ ।

उत्कृष्ट आयोजन के लिए समाज के सभी पदाधिकारी एवं समाज के शुभ चिंतको ने बधाई एवं शुभकामनायें दिए है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस जवान पर टूट पड़ा मानसिक रोगी, डंडे मारपीट

**रायपुर।** नवरात्र के दौरान डोंगरगढ़ के मां बमलेश्वरी मंदिर के पास चंद्रगिरि चौक पर एक युवक ने अचानक पुलिसकर्मी पर डंडे से हमला कर दिया। घटना में पुलिस जवान घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, युवक पहले गुरुद्वारा पार्किंग में विवाद कर रहा था। पार्किंग कर्मियों ने समझाकर उसे बाहर निकाला, लेकिन उसने उनके साथ हाथापाई करने की कोशिश की। इसके बाद पार्किंग कर्मचारियों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी को सूचना दी। पुलिस ने युवक को पेट्रोलिंग गाड़ी से थाने भेज दिया, लेकिन कुछ देर बाद वह फिर वहां पहुंचा और अचानक डंडे से पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने मिलकर आरोपी युवक को पकड़ा। पूरी घटना का ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र शाह ने बताया कि आरोपी युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लर्निंग लाइसेंस कैंप छात्र-छात्राओं को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आईटीआई परिसर गौरेला में लर्निंग लाइसेंस कैंप आयोजित किया गया और छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कैंप का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को सुलभ और सरल बनाना था। कैंप में बड़ी संख्या में आवेदकों ने भाग लिया। उपस्थित सभी आवेदकों के लर्निंग लाइसेंस मौके पर ही तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराए गए। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता, सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी तथा नियमों की अनदेखी से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में अवगत कराया गया। कैंप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल एवं जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा के मार्ग-दर्शन में थाना प्रभारी गौरेला सौरभ सिंह एवं सिद्धार्थ शुक्ला व साइबर सेल प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री शुक्ला ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। हेलमेट का प्रयोग, सीट बेल्ट की अनिवार्यता एवं यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा से सीधा जुड़ा हुआ है।

### बाढ़ से बचाने सरिया क्षेत्र में जनता को मिली सौगात

**रायपुर।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने बाढ़ आपदा, राहत और प्रबंधन हेतु महानदी में बाढ़ की स्थिति से निपटने और प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम सुरसी बाढ़ आपदा राहत भवन और 2 शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। इससे ग्रामीणजनों को प्राकृतिक आपदा के समय राहत और सहूलियत का मजबूत आधार मिलेगा। वित्त मंत्री चौधरी सरिया क्षेत्र में दौरे के दौरान बाढ़ प्रभावित गांवों की आवश्यकताओं को देखते हुए 30 लाख रुपए की लागत से बाढ़ आपदा राहत भवन, ग्राम सुरसी में 13 लाख रुपए की लागत से शेड निर्माण और ग्राम पंचधार में 10 लाख रुपए की लागत से शेड निर्माण का भूमिपूजन किया।

जीएसटी बचत उत्सव

# ट्रैक्टर खरीदी में किसानों को मिली बड़ी राहत-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में किसानों को मिला जीएसटी सुधार का लाभ
- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जीएसटी बचत उत्सव के बीच ट्रैक्टर शोरूम पहुंचकर किसानों से किया आत्मीय संवाद

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जीएसटी बचत उत्सव के बीच औचक निरीक्षण पर देवपुरी स्थित ट्रैक्टर शोरूम पहुंचे। श्री साय ने यहां किसानों से आत्मीय संवाद कर जीएसटी कटौती पर उनकी प्रतिक्रिया और खरीदी में हुई बचत की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने शोरूम में ट्रैक्टर और हार्वेस्टर खरीदने आए किसानों को चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अभनपुर के बिरोदा निवासी श्री रवि कुमार साहू को उनके नए हार्वेस्टर की चाबी सौंपी। इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए श्री रवि साहू ने कहा, मैने सपने में भी नहीं सोच था कि मैं नया हार्वेस्टर खरीदूंगा। मैं सेकेंड हैंड हार्वेस्टर खरीदने के बारे में सोच रहा था। जीएसटी उत्सव में नए हार्वेस्टर खरीद पर मुझे पूरे 2 लाख रुपए की बचत हुई है। किसानों की चिंता का समाधान हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री मोदी जी और किसानहितैषी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ही कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जी ने स्वयं मुझे मेरे नए हार्वेस्टर की चाबी सौंपी और मुझसे बेहद आत्मीयता से संवाद किया। मैंने उन्हें बताया कि मेरे पास दो एकड़ खेत है और अब हार्वेस्टर आने से मैं गांव में साझेदारी से और अधिक खेती कर पाऊंगा। श्री रवि ने जीएसटी में कटौती के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अभनपुर कोलर से आए वरिष्ठ किसान श्री ज्ञानिक राम साहू को उनके नए



ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए श्री साहू ने बताया कि जीएसटी में कटौती के बाद नए ट्रैक्टर की खरीदी पर उन्हें पूरे 60 हजार रुपए की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इस बचत से उनका परिवार त्योहार को और अच्छे से मना सकेगा। ट्रैक्टर शो रूम के प्रोप्राइटर श्री अशोक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से संवाद में बताया कि जीएसटी में कटौती के कारण बिक्री में इज़ाफ़ा हो रहा है और ग्राहकों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा, पहले जो ट्रैक्टर 10.25 लाख रुपए का आता था, वह अब 9.75 लाखं रुपए में उपलब्ध है, जिससे किसानों को 50 हजार रुपए की बचत हो रही है। इसी तरह 7.62 लाख का ट्रैक्टर अब 7.21 लाख और 6.51 लाख का ट्रैक्टर अब 6.11 लाख रुपए में मिल रहा है। कीमतों में कटौती और फेस्टिवल डिस्काउंट से किसानों की बड़ी बचत हो रही है। जीएसटी दर घटने के बाद हार्वेस्टर भी सस्ते हो गए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय देवपुरी के बजाज बाइक शोरूम पहुंचे और यहां मौजूद ग्राहकों से जीएसटी कटौती पर आत्मीय चर्चा की। उन्होंने बाइक खरीदने आए संतोषी नगर निवासी श्री एम.डी. गुलाब को उनकी नई बाइक की चाबी सौंपी। श्री गुलाब ने बताया कि जीएसटी में कटौती के बाद बाइक खरीदने पर उन्हें 7 हजार रुपए की बचत हुई है। उन्होंने कहा, मैंने बजाज प्लेटिना 110 सीसी बाइक खरीदी है, जिसकी पहले कीमत 89,000 रुपए थी, जो अब मुझे 82,000 रुपए में मिली। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने आम जनता, किसानों और उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत दी है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों की कीमतों में आई कमी से किसानों को सीधा लाभ हो रहा है।


## हत्या के आरोपी को उम्र कैद की सजा....

रायपुर। बुजुर्ग की हत्या के मामले में न्यायालय ने दोषसिद्ध आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना दिनांक 26 सितम्बर 2024 को प्रार्थी चन्द्रेश कुमार पाटले ने थाना कटघोरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसी दिन सुबह 4 से 4.30 बजे उसके पिता लालजी पाटले मछली पकड़ने के लिए घर से जाली लेकर खेसाली पहाड़ी के पास नाला में गये थे। इसके बाद करीब 5 बजे गांव के एक व्यक्ति उसके घर आकर बताया कि, उसके पिता को तानाखार के विजय बहादुर उर्फ बिज्जू सिंह कंवर ने बांस से बहुत मारपीट किया है, जिसके कारण उसके पिताजी खेसाली पहाड़ी के किनारे कच्ची रोड में पड़े हैं। ग्रामीण द्वारा कौन मारा है, पूछने पर पिता ने बताया कि विजय बहादुर उर्फ बिज्जू ने बांस के डण्डा से उसे बहुत मारा है, उसके पूरे शरीर में बहुत चोट लगा है।सूचना बाद घटनास्थल पहुंचे चन्द्रेश कुमार ने पिता को इलाज कराने सीएचसी कटघोरा के अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मृत्यु होना बताया गया। थाना कटघोरा में आरोपी विजय बहादुर सिंह के विरूद्ध रिपोर्ट पर धारा 103 (1) बीएनएस अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ की गई। विवेचना के उपरांत प्रकरण को विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शासन की तरफसे उपस्थित अधिवक्ता अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा द्वारा प्रस्तुत किए गए मजबूत तर्कों और पुलिस के तमाम साक्ष्य और तथ्यों के मद्देनजर न्यायालय ने फैसला सुनाया।

## कांग्रेस में भ्रष्टाचार में भी परिवारवाद का एक नया ट्रेण्ड चलन में:भाजपा

रायपुर। संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के परिवारवादी चरित्र पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा है कि अब तो इन पार्टियों में भ्रष्टाचार भी परिवारवाद के चरित्र का परिचय दे रहा है। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भूमिका पर उठे सवालों के बीच उनके बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के मद्देनजर पाण्डेय ने कहा कि अब कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों में भ्रष्टाचार में भी परिवारवाद का एक नया ट्रेण्ड चलन में आ रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस समेत बिहार में राजद, उप्र में सपा, तमिलनाडु में डीएमके और प.



बंगाल में टीएमसी का राजनीतिक चरित्र परिवारवाद के आरोपों से दागदार हो चला है। परिवार, जाति और साम्प्रदायिक तुष्टीकरण के नाम पर ये पार्टियाँ चल रही हैं, जो हर हालत में सत्ता में रहकर सरकारी खजाने और जन-धन की लूट कर रही हैं। बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के चारा घोटाला के बाद अब सामने आया नौकरी के बदले जमीन (लैण्ड फॉर जॉब) स्कैम भी इसकी एक बानगी है, जिसमें तेजस्वी यादव और मीसा भारती लाभार्थी पाए गए हैं। पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस में तो पीढ़ियों से जन-धन की लूट का घिनौना क्रम चल रहा है। कांग्रेस की राज्य सरकारें कांग्रेस के लिए एटीएम का काम करती रही हैं और आज भी यह नजारा देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने तो प्रदेश को गांधी-फेमिली का एटीएम बनाकर रख दिया था।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भ्रष्टाचार के आरोपों और जाँच की प्रक्रिया से जूझ ही रहे हैं, उनके बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी और जमानत याचिकाओं के खारिज होने के बाद यह आईने की तरह साफ नजर आ रहा है।

## प्रदेश सरकार गांवों और शहरों के संतुलित विकास पर दे रही जोर:अरुण साव



- उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने पांच करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित ''आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, शहर समागम'' एवं 'स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम में आज उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लोरमी के कबीर भवन में अतिरिक्त सुविधाओं के विस्तार कार्य का लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया। उन्होंने इसके साथ ही लोरमी में पांच करोड़ 23 लाख रुपए के तीन नए कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इनमें नगर उद्यान निर्माण, बाबाधाम मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण तथा ब्राह्मणपारा मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। इन कार्यों से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप लोरमी क्षेत्र का व्यवस्थित विकास करना मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करते हुए लोरमी को एक स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने में सहयोग करें, ताकि स्वच्छता के मामले में लोरमी प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुँच सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बीते 20 महीनों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। आने वाले समय में भी करोड़ों रुपए की योजनाएं धरातल पर उतरेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों और शहरों के संतुलित विकास पर जोर दे रही है। लोरमी नगर को सुविधाओं से परिपूर्ण बनाने तथा स्वच्छ और सुंदर शहर का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों एवं नागरिकों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्थानीय सहभागिता की भूमिका पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि समाज के हर वर्ग को अपनी भागीदारी निभाते हुए समग्र विकास में सहयोग देना होगा। कार्यक्रम में नगरवासियों ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, जन-जागरूकता फैलाने तथा सामूहिक प्रयासों से लोरमी को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक श्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर, लोरमी नगर पालिका के अध्यक्ष श्री सुजीत वर्मा और जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा सिंह सहित पार्षदगण, अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद थे।

## असली अग्रदूत हैं नोडल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स-मंत्री टंकराम वर्मा

रायपुर। संवाददाता

उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने नई शिक्षा नीति 2020 पर आजपं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में मालवीया मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एवं एनईपी इम्प्लीमेंटेशन सेल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और दृष्टि देने वाली है। यह नीति न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है बल्कि इसमें कौशल विकास, रोजगारपरक



शिक्षा और अनुसंधान को भी प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा संस्थानों को अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और युवाओं का भविष्य और भी उज्ज्वल होगा। कार्यशाला में नोडल अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी नीति को सफल बनाने की अंतिम कड़ी उसका जमीनी क्रियान्वयन है, और इस जिम्मेदारी के प्रमुख सूत्रधार आप सभी हैं। नोडल अधिकारी अपने-अपने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को चरणबद्ध ढंग से लागू करने के लिए केंद्र-बिंदु का कार्य करेंगे। कोर्स संरचना में सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट ट्रांसफर, बहुविषयक विषयों का समावेश और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की शुरुआत समयबद्ध रूप से होनी चाहिए, और यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। अंत में उन्होंने सभी से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा सा विद्या या विमुक्तये अर्थात वास्तविक शिक्षा वही है, जो हमें बंधनों से मुक्त करे और हमारा सर्वोत्तम व्यक्तित्व निखारे।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी पति ने की थी पत्नि की हत्या

**रायपुर।** जिले की छाल पुलिस ने ग्राम ऐडुकला में हुए एक अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए मामले में पत्नी की हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार किया है। पति ने पत्नि की हत्या का बाद मौत को आकस्मिक बताया था लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हकीकत सामने आ गई। जिसके बाद पुलिस ने गुत्थी को सफलतापूर्वक सुलझा लिया। बता दें कि 6 सितंबर को ग्राम ऐडुकला की रहने वाली 26 वर्षीय शारदा श्रीवास की तबीयत अचानक बिगडने़ पर उसके पिता और भाई उसे सीएचसी कटघोरा ले गए थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। 23 सितंबर को यह मर्ग डायरी जांच के लिए थाना कटघोरा से थाना छाल को सौंपी गई। थाना प्रभारी छाल ने बारीकी से जांच शुरू की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति होमीसाइडल पाई गई। इस खुलासे के बाद मायके पक्ष व गांव के लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि मृतका का पति धनेश्वर श्रीवास अक्सर उससे मारपीट करता था। पुलिस ने संदेह के आधार पर पति धनेश्वर से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि 3 सितंबर की रात खाने में हुए विवाद पर उसने हाथ-पैर से पत्नी की जमकर पिटाई की थी। चोटों से उसकी हालत बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। जिसके बाद छाल पुलिस ने फ रेंसिक टीम की मदद से क्राइम सीन री-क्रिएट करावकर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और आरोपी के कबूलनामे की वीडियो फ ोटोग्राफ ी भी की गई।

पीएम सूर्य घर योजना बनी आय का जरिया

# भिलाई निवासी शकुन्तला ने सोलर ऊर्जा से घटाया बिजली बिल

रायपुर/ संवाददाता

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आमजनों को हो रहा लाभ अब दिखाई देने लगा है। दुर्ग जिले की भिलाई निवासी श्रीमती शकुंतला टंडन ने अपने घर के छत पर 2 किलोवाट क्षमता की रूफ्टॉप सोलर पैनल यूनिट स्थापित की है। उन्हें इस योजना के तहत केंद्र सरकार से 30 हजार रूपए तथा राज्य सरकार से 30 हजार रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। श्रीमती शकुन्तला टंडन के अनुसार, उन्होंने 13 दिसंबर 2024 से अब तक 3,590 यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है, जिसमें से 1,000 यूनिट बिजली विभाग को विक्रय भी किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी अपने आसपास के लोगों और बच्चों से मिली। खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना से उनके घर के बिजली बिल में भारी कमी आई है और अतिरिक्त उत्पादन से आय भी अर्जित हो रही है। उन्होंने कहा, मैं सभी से अपील करती हूँ कि इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में सोलर पैनल अवश्य लगवाएँ और मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों में रूफ्टॉप सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान दें। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट प्रणाली के लिए केन्द्र सरकार से 30 हजार रूपए और राज्य सरकार से 15 हजार रूपए कुल 45 हजार रूपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार 2 किलोवाट क्षमता वाले संयंत्र पर केंद्र सरकार से 30 हजार रूपए और राज्य सरकार से 30 हजार कुल 60 हजार रूपए की सब्सिडी दी जा रही है तथा 3 किलोवाट के लिए केंद्र सरकार से 78 हजार रूपए और राज्य सरकार से 30 हजार रूपए कुल 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी दी जाती है।

### छत पर सोलर, घर में उजाला और जेब में बचत: नेत्रनंद प्रधान

रायगढ़ जिले के ग्राम कुकुर्दा निवासी श्री नेत्रनंद प्रधान ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उनके घर की छत पर 3 किलोवॉट क्षमता का रूफ्टॉप सोलर प्लांट न केवल बिजली का उत्पादन कर रहा है, बल्कि हर महीने



होने वाले भारी-भरकम बिल से भी उन्हें राहत दिला रहा है। उन्होंने कहा कि छत पर सोलर घर पर उजाला और जेब में बचत हुआ है। नेत्रनंद प्रधान ने कहा कि सोलर प्लांट लगने से पहले मई 2025 में उन्हें 417 यूनिट खपत पर 1460 रुपए का बिल चुकाना पड़ा था। वहीं, जुलाई में सोलर प्लांट से 111 यूनिट उत्पादन हुआ, जिससे उनका बिल घटकर मात्र 430 रुपए रह गया। अब उनका लक्ष्य 'शून्य बिल' प्राप्त करना है। श्री प्रधान कहते हैं कि सूरज की रोशनी अब हमारे लिए केवल उजाला नहीं, बल्कि बचत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। 3 किलोवॉट का यह सोलर प्लांट प्रति माह औसतन 360 यूनिट बिजली उत्पादन करने में सक्षम है। इस योजना को किफायती बनाने के लिए श्री प्रधान को केंद्र सरकार से 78 हज़ार रुपए और राज्य सरकार से 30 हज़ार रुपए की सब्सिडी, कुल 1 लाख 8 हज़ार रुपए की मदद प्राप्त हुई। पर, पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, मोर बिजली ऐप या टोल फ्री नंबर 1912 के जरिए आवेदन कर सकते हैं। श्री नेत्रनंद प्रधान की इस सफलता से अन्य परिवार प्रेरणा ले रहे है। छत पर लगाया गया एक छोटा सोलर प्लांट न केवल बिजली बिल घटा सकता है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम साबित हो सकता है।

### प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सौर ऊर्जा से मिली राहत

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और महंगे बिजली बिल से राहत प्रदान करने की दिशा में कारगर सिद्ध हो रही है। इस योजना का लाभ उठाते हुए बिलासपुर के कृष्णा विहार, कोनी की निवासी श्रीमती सुधा मिश्रा ने अपने घर की छत पर 6 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित किया है। इसके परिणामस्वरूप उनके परिवार के बिजली व्यय में उल्लेखनीय कमी आई है। श्रीमती मिश्रा के पति श्री उपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि उनका संयुक्त परिवार है, जहाँ बिजली की खपत अधिक होने से प्रतिमाह भारी-भरकम बिजली बिल चुकाना पड़ता था।

# संपादकीय

## राहुल गांधी की गलत धारणा

भारत निर्वाचन आयोग ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोटचोरी के आरोप को खारिज कर दिया। अपनी पोस्ट में आयोग ने लिखा, किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी शख्स द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बना रखी है। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गांधी ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और फर्जी मतदाताओं को घटाने/जोड़ने में होने वाली धोखाधड़ी की उन्हें पूरी जानकारी है। गांधी ने कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में कम से कम छह हजार वोट हटाने व महादेवपुरा में कुछ इसी तरह की धोखधड़ी का आरोप लगाया था। उनके अनुसार सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर असली मतदाताओं का रूप लिया गया। गांधी ने बूथ लेबल के अधिकारी के चाचा का नाम हटाए जाने की भी चर्चा की। कुछ समय से विपक्षी दलों दल दावा करते रहे हैं कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर मतदाता सूची से फर्जी वोट हटाने/जोड़ने का काम कर रहा है। चुनाव आयुक्त को लोकतंत्र की हत्या करने वालों से बचाने का आह्वान करते हुए गांधी ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा व उप्र में बड़े पैमाने पर नाम हटाने का आरोप लगाया। समूचा विपक्ष एक सुर में यही कह रहा है। आयोग के नमूना मांगने के जवाब में राहुल ने इस दफा सौ फीसद प्रमाण की बात भी की। पूर्व में मतदाता सूचियों की खामियां तो स्पष्ट नजर आई हैं मगर मतदान में किसी तरह के हेरफेर के सटीक प्रमाण नहीं मिले। आरोप निराधार नहीं हैं तो इन्हें खतरे की घंटी तो माना ही जाना चाहिए। आयोग को कीचड़ उछालने की बजाय अपनी खामियों को सुधारने के प्रति पारदर्शितापूर्ण कदम उठाते नजर आना चाहिए। अपनी स्वतंत्रता और निष्पक्षता का उदाहरण पेश करने में कोताही नहीं बरतनी चाहिए। लोकतंत्र में हर वोट की अहमियत है। मतदाता के अधिकारों की उपेक्षा या मतदाता सूची से उसके नाम में होने वाली छेड़छाड़ की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। तकनीकी विफलताओं या प्रशासनिक भूलों के चलते संदेह की गुंजाइशें छोड़ा जाना आयोग की कार्यपण्राली पर प्रश्न चिह्न लगाता है। विपक्ष को अपनी भूमिका निभाने में संकोच नहीं करना चाहिए परंतु मतदाताओं को उकसाने के लिहाज से बेबुनियादी आरोपों का सहारा भी नहीं लेना चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ों पर मट्ठा न डालें, इसकी फिक्र सबको मिल-जुलकर करनी होगी।

## व्यापार में सुगमता बढ़ाने से अभूतपूर्व निवेश आकर्षित हो सकता है

**डॉ. सौम्य कांति घोष**

हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत पर भरोसा दोहराया है। यह भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था की उस मजबूत संरचना को साबित करता है, जो पिछले कुछ वर्षों में कठिन मेहनत से तैयार की गई है। इससे व्यापार को लेकर उठने वाला संदेह और शोर-शराबा भी शांत हुआ है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपत्ति का बराबर बंटवारा हो और सभी को समान अवसर मिलें, सरकार ने एण्डक्यूयूओटी;बारबेल रणनीति एण्डक्यूयूओटी; अपनाई है। इसके तहत नीतियों और नियमों में कई तरह के सुधार किए जा रहे हैं, ताकि ईज ऑफ बिज़नेस के अलग-अलग स्तंभ मज़बूत हों। साथ ही, बड़े पैमाने पर औपचारिकीकरण, वित्तीयकरण और तकनीकी एकीकरण को ज़रूरी बनाया गया है।यह निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए अनिवार्य है। महामारी के बाद भू-राजनीतिक हालात ने मैन्युफैक्चरिंग के तरीके बदलने की ज़रूरत पैदा कर दी। इसी के चलते भारत ने एक नई राह पकड़ी है, जहां एण्डक्यूयूओटी;ईज ऑफ एग्ज़िट एण्डक्यूयूओटी; यानी व्यापार से बाहर निकलने की आसानी पर जोर दिया जा रहा है। यह निवेशकों के लिए बहुत अहम है क्योंकि वे पूंजी लगाते समय इस सुविधा को देखते हैं। साल 2000 से अब तक भारत में 1 ट्रिलियन डॉलर से ज़्यादा का एफडीआई आया है, जिसमें सेवाएं, तकनीक और टेलीकॉम जैसे क्षेत्र सबसे ज़्यादा लाभान्वित हुए हैं (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही तक ही लगभग 25 अरब डॉलर निवेश आया है)। जब सेबी विश्वसनीय विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित एवं सामान्यीकृत पहुंच (स्वागत-एफआई) लागू करता है, कम जोखिम वाले माने जाने वाले प्रमुख विदेशी निवेशकों के लिए पहुंच को सरल बनाता है, या आरबीआई फेमा दिशानिर्देशों में बहुप्रतीक्षित बदलाव लाता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रुपये का उपयोग बढ़ता है, तो अटलांटिक पार से आने वाली हलचलें अविस्मरणीय होती हैं। संस्थागत सुधारों की सफलता आईबीसी, संपत्ति पुनर्निर्माण, इंफ्रा फाइनेंसिंग और बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवाओं में एण्डक्यूयूओटी;प्लग-एंड-प्लेएण्डक्यूयूओटी; मॉडल के रूप में दिखती है। इन क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेज़ी से बढ़ता इस्तेमाल इसे और मज़बूत बना रहा है। जनसंख्या के पैमाने पर कई नीतिगत कदम उठाए गए हैं, जैसे पीएमएवाई ( 3.2 करोड़ घरों को मंजूरी), मुद्रा(कुल 52 करोड़ से अधिक खातों में 33.65 लाख करोड़ रुपये मंजूर किए गए, जिसमें 68 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं),पीएम-स्वनिधि (96 लाख से अधिक ऋण खातों के माध्यम से 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को कवर किया गया), उद्यम (उद्यम सहायता पोर्टल की गणना करते हुए 6.86 करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकरण), श्रम सुविधा (2018 से 6.63 लाख ईएसआईसी पंजीकरण, 6.49 लाख ईपीएफओ पंजीकरण और फर्मों द्वारा 1.29 लाख अनुबंध श्रमिक पंजीकरण के साथ श्रम और रोजगार पोर्टल का अनुपालन), स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकीकृत आवासीय संपत्ति स्वामित्व समाधान जिसमें 9 3.20 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है), नक्शा (प्रारंभ में 150 शहरों में पायलट कार्यक्रम के साथ शहरी भूमि पार्सल का व्यापक, जीआईएस-एकीकृत डेटाबेस, जिसे पूरे भारत में 4,912 शहरी स्थानीय निकायों तक विस्तारित किया जाएगा), एसएएससीआई (केन्द्र से राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण) और औपचारिकीकरण भी लगातार बढ़ रहा है। इन सारी योजनाओं ने मिलकर भारत की मेहनत और लचीलापन दोनों को नई ताक़त दी है।

# असीम ऊर्जा की प्रतीक देवी दुर्गा

**प्रमोद भार्गव**



भारत में देवी की पूजा वैदिक युग में ही आरंभ हो गई थी। ऋग्वेद के देवी सूक्तम में सभी देवताओं की आंतरिक षक्ति की बात कही गई है, जो ऊर्जा की प्रतीक है। हरिवंष पुराण में कालरात्रि, निद्रा और योगमाया के समन्वित रूपों के बारे में बताया है कि जब भगवान विश्णु नींद में होते हैं, तब देवी दुर्गा ही विष्व की सुरक्षा करती हैं। इसीलिए देवी कालरात्रि की काया का रंग घने अंधकार की तरह काला है और सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला डली है। इनकी तीन आंखें हैं। तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सामान अंडाकार हैं। इन चक्षुओं से तीव्र विद्युत की किरणें निरंतर प्रवाहित होती रहती हैं। जो अक्षय ऊर्जा की द्योतक हैं। यही ऊर्जा सृश्टि में फैली हुई है। इसी ऊर्जा में भगवान षिव का अर्धनारीष्वर रूप दृश्टिगोचर होता रहता है। इस रूप के स्त्री रूप से आषय विज्ञान सम्मत मानव संरचना में एक्स तत्व से है और पुरुश रूप में वाय तत्व से है। अर्थात यह रूप स्त्री-पुरुश में समानता जताता है। भारतीय वांग्मय में काम-ऊर्जा को सबसे षक्तिषाली ऊर्जा माना गया। इसीलिए पुरुश में जब वाय गुणसूत्र की अधिकता होती है तो पुरुश और स्त्रीयोचित्त गुण एक्स की अधिक्ता होती है तो स्त्री का जन्म होता है।

दैवीय षाक्तियां वे हैं, जो मनुश्य के अनुकूल हैं, अर्थात फलदायी हैं और आसुरी षाक्तियां वे हैं, जो मनुश्य के प्रतिकूल हैं, अर्थात उसे हानि पहुंचाने में समर्थ हैं। नवरात्रों का आयोजन दो ऋतुओं की परिवर्तन की जिस वेला में होता है, वह इस बात का द्योतक है कि जीवन में बदलाव की स्वीकार्यता अनिवार्य है। नवरात्रों का आयोजन अष्विन मास के षुक्ल पक्ष में किया जाता है। षुक्ल पक्ष घटते अंधकार या अज्ञान का प्रतीक है, वहीं कृश्ण पक्ष बढ़ते अंधकार और अज्ञान का प्रतीक है। प्रति माह उत्सर्जित और विलोपित होने वाले यही दोनों पक्ष जीवन के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष की प्रवृत्तियां हैं। प्रकृति से लेकर जीवन में हर जगह अंतर्विरोध व्याप्त है। इन्हीं विरोधाभासी पक्षों में सांमजस्य बिठाने का काम दुर्गा के बहुआयामी रूप करते हैं।

मार्कंडेय पुराण में प्रकाष और ऊर्जा के बारे में कहा गया है कि 'देवों ने एक प्रकाष पुंज देखा, जो एक विषाल पर्वत के समान प्रदीप्त था। उसकी लपटों से समूचा आकाष भर गया था। फिर यह प्रकाष पुंज एक पिंड में बदलता चला गया, जो एक षरीर के रूप में अस्तित्व में आया। फिर वह कालांतर में एक स्त्री के षरीर के रूप में आष्चर्यजनक ढंग से परिवर्तित हो गया। इससे प्रस्फुटित हो रही किरणों ने तीनों लोकों को आलोकित कर दिया। प्रकाष और ऊर्जा का यही समन्वित रूप आदि षक्ति या आदि मां कहलाईं। छान्दोग्य उपनिशद् में कहा गया है कि 'अव्यक्त से उत्पन्न तीन तत्वों अग्नि, जल और पृथ्वी के तीन रंग सारी वस्तुओं में अंतर्निहित हैं। अतः यही सृश्टि और जीवन के मूल तत्व हैं। अतएव प्रकृति की यही ऊर्जा जीवन के जन्म और उसकी गति का मुख्य आधार है।'

इस अवधारणा से जो देवी प्रकट होती है, वही देवी महिशासुरमर्दिनी है। इसे ही पुराणों में ब्रह्मांड की मां कहा गया है। इसके भीतर सौंदर्य और भव्यता, प्रज्ञा और षौर्य, मृदुलता और षांति विद्यमान हैं। चरित्र के इन्हीं उदात्त तत्वों से फूटती ऊर्जा इस देवी के चेहरे को प्रगल्भ बनाए रखने का काम करती है। ऋशियों ने इसे ही स्त्री की नैसर्गिक आदि षक्ति माना है और फिर इसी का दुर्गा के नाना रूपों में मानवीकरण किया है। उपनिशदों में इन्हीं विविध रूपों को महामाया, योगमाया और योगनिद्रा के नामों से चित्रित व रेखांकित किया गया। इनमें भी महामाया को ईष्वर या प्रकृति की सर्वोच्च सत्ता मानकर विद्या एवं अविद्या में विभाजित किया गया है। विद्या व्यक्ति में आनंद का अनुभव कराती है, जबकि अविद्या सांसरिक इच्छाओं और मोह के जंजाल में जकड़ती है। विद्या को ही योगमाया या योगनिद्रा के नामों से जाना जाता है।

योगमाया सृश्टि की वैष्विक व्यवस्था का प्रतीक है, जबकि योगनिद्रा सृश्टा की समाधि की अवस्था में आई निद्रा है। यह स्थिति चेतन अवस्था से अचेतन अवस्था के क्षेत्र में प्रवेष को दर्षाती है, जो प्रलय की भी द्योतक है। अंततः यही आदि षक्तियां क्षीर सागर में षेशषैया पर लेटे भगवान नारायण, नरायाण यानी जल में निवास करने वाले विश्णु को चेताती है कि समाधि के षून्य-भाव से जागों और अंधकारमयी विरोधी ताकतों से ब्रह्मांड को मुक्त कराओ। देवी की प्रकृति रूपी यही अवस्थाएं सत्व, रज और तम गुणों में रूपांतरित होकर सृश्टि को संतुलित बनाए रखने का काम करती हैं। इसीलिए देवी को आद्य या असाधारण षक्ति कहा गया है। विष्व की इस जननी के बिना षिव भी 'षव' मात्र हैं।


जब ब्रह्मांड में उऊा का विघटन होता है तो आसुरी षक्तियां जागृत हो जाती हैं। ऊर्जा जब अव्यवस्थित हो जाती है, तब ध्वंसात्मक स्थितियों का निर्माण होता है। आज विध्वंसकारी वैज्ञानिक प्रयोगों के चलते दुनियाभर में ऊर्जा का ध्वंसात्मक रूप दिखाई दे रहा है। अराजक बनता यही परिवेष नकारात्मक यानी आसुरी ऊर्जा को बढ़ाता है। इस ऊर्जा को अक्षुण्ण बनाए रखने का काम ब्रह्मा, विश्णु, महेष करते हैं। देवी महात्म्य में कहा भी गया है कि देव और असुरों के बीच जब महायुद्ध हुआ तो वह सौ दिन तक चला। इस समय राक्षस महिश असुरों का राजा था और इंद्र देवताओं के अधिपति थे। इस संघर्श में असुरों ने देवताओं का परास्त कर दिया। फलतः महिश देवों का भी सम्राट बन बैठा।

पराजित देवता प्रजापति ब्रह्मा के नेतृत्व में विश्णु व षिव के पास गए। उन्होंने युद्ध और फिर पराजय का दुखद वृत्तांत विश्णु व षिव को सुनाया। इसे सुनकर दोनों आक्रोष से लाल हो गए। विश्णु ने मुख खोला और उससे तीव्र गति से अक्षय ऊर्जा बाहर आई। ऐसा ही रोश ब्रह्मा और षिव ने ऊर्जा के रूप में मुख से प्रकट किया। इंद्र के षरीर से भी ऊर्जा का प्रस्फुटन हुआ। अन्य देवों ने भी अपने-अपने मुखों से ऊर्जा छोड़ी। ऊर्जा के इस प्रवाह से नकारात्मक ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित होने लग गई। मुखों से उत्सर्जित इन ऊर्जा रूपी लपटों ने एक पर्वत का आकार ग्रहण कर लिया। इसी पर्वत से कात्यायनी प्रकट हुईं। दुर्गा का यही रूप महिशासुरमर्दिनी कहलाया।

लीला भाव में यही दुर्गा चार पैरों के राजा सिंह की पीठ से टिककर खड़ी हैं। सिंह भी क्रूर षक्ति का प्रतीक है, लेकिन उसे वष में कर लिया गया है। देवी अराजक महिश के षरीर को रौंद रही हैं। उनका एक पैर असुर के सिर पर है। महिश षक्तिषाली तो है, लेकिन उसका आचरण क्रूर है, इसलिए वह ब्रह्मांड के आध्यात्मिक आधार के अनुकूल नहीं है। यही कारण है कि कात्यायनी महिश को पददलित कर उसके अहंकार को चूर-चूर कर देती हैं। महिश के प्राण हरने के बाद कात्यायनी महिशासुर-मर्दिनी कहलाती हैं। इसीलिए इन्हें ब्रह्मांड की जननी कहा गया, जो पृथ्वी की प्रतीक है। ब्रह्मांड के अस्तित्व का यही बीज है। प्रकृति के इन्हीं रूपों का मानवीकरण करते हुए ऋग्वेद में कहा है कि 'ज्ञान के सभी विशय और क्रियाकलाप अंततः देवी के रूप हैं।' सृश्टि सृजन के आरंभ से लेकर अब तक नारियां मां का रूप हैं। नारी के मातृत्व की डिंब में स्थित इस ऊर्जा को प्रजापति ब्रह्मा ने स्वयं विभाजित करके मानव के अस्तित्व को सृजित किया था। वह नारी ही है, जो अपनी ऊर्जा से मनुश्य को मनुश्यतत्व प्रदान करती है। साफ है, भगवती दुर्गा मूल प्रकृति का वह रूप है, जिसमें समस्त षक्तियां समाहित हैं।

# सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के आइकन लाल बहादुर शास्त्री

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**



लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन उनकी सादगी, ईमानदारी और दृढ़ सिद्धांतों के लिए याद किया जाता है। आज राजनीति में सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी तलाशना कठिन हो चला है। शास्त्री जी के व्यक्तित्व के अनेक अनछुए पहलू हैं , किंतु व्यक्तिगत रूप से तथा सार्वजनिक स्तर पर सदैव ईमानदारी उनकी महान चरित्र-शक्ति थी । जो आज खासतौर पर प्रासंगिक तथा अनुकरणीय है।

शास्त्री जी का निजी जीवन उनके सिद्धांतों का स्पष्ट प्रतिबिंब था। वे न केवल सार्वजनिक जीवन में बल्कि व्यक्तिगत रिश्तों में भी ईमानदारी और नियमों का पालन करते थे।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जब शास्त्री जी जेल में थे तो उनकी पत्नी ललिता देवी उनसे मिलने आईं और अपनी साड़ी के पल्लू में दो आम छिपाकर लाईं। यह जानकर शास्त्री जी इतना नाराज हुए कि उन्होंने जेल के नियमों का उल्लंघन करने के विरोध में अपनी ही पत्नी के खिलाफ धरना दे दिया। उनका तर्क था कि एक कैदी का इस तरह बाहर का सामान लेना कानून का अपमान है ।

जेल में बंदी रहने के दौरान उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार पड़ गई। उन्हें 15 दिन की पैरोल पर रिहा किया गया लेकिन दुर्भाग्यवश उससे पहले ही उनकी बेटी का निधन हो गया। इस गहन दुख की घड़ी में भी शास्त्री जी निर्धारित समय से पहले ही स्वेच्छा से जेल वापस लौट गए ।

अपने विवाह में उन्होंने दहेज के रूप में एक चरखा और हाथ से बुने कुछ मीटर कपड़े ही स्वीकार किए थे जो उस समय की प्रचलित सामाजिक प्रथाओं के बिल्कुल विरुद्ध एक सशक्त उदाहरण था।

प्रधानमंत्री जैसे उच्च पद पर रहते हुए भी शास्त्री जी ने कभी भी सरकारी संसाधनों का व्यक्तिगत उपयोग नहीं किया और अपनी ईमानदारी के लिए एक उच्च मिसाल कायम की।

प्रधानमंत्री बनने के बाद भी शास्त्री जी के पास अपनी खुद की कार नहीं थी। परिवार के आग्रह पर उन्होंने एक फिएट कार खरीदने का फैसला किया। उनके पास पूरी राशि नहीं थी, इसलिए उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से 5,000 का कर्ज लिया। दुर्भाग्यवश, कर्ज चुकाने से पहले ही उनका निधन हो गया। उनकी पत्नी ललिता देवी ने सरकार द्वारा कर्ज माफ करने के प्रस्ताव को ठुकराते हुए, अपनी पेंशन से चार साल में यह कर्ज चुका दिया ।

एक बार जब उन्हें पता चला कि उनके बेटे की नौकरी में अनुचित तरीके से पदोन्नति हुई है तो वे बहुत नाराज हुए और उन्होंने तुरंत उस पदोन्नति को रद्द करने का आदेश दिया ।

एक बार उनके पुत्र ने किसी निजी काम के लिए उनकी सरकारी कार का इस्तेमाल किया। इस पर शास्त्री जी ने न केवल ड्राइवर से पूछताछ करके उस यात्रा का हिसाब लगवाया बल्कि यह निर्देश भी दिया कि उस यात्रा का पूरा खर्च उनके निजी खर्चे से सरकारी कोष में जमा कराया जाए ।

शास्त्री जी ने अपने छोटे से कार्यकाल में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की ।

1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश में भयंकर सूखा और खाद्य संकट पैदा हो गया था। इन चुनौतियों से निपटने के लिए उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का प्रसिद्ध नारा दिया, जिसने सेना और किसानों का मनोबल बढ़ाया । खाद्यान्न संकट को दूर करने के लिए उन्होंने 'हरित क्रांति' को बढ़ावा दिया। साथ ही, दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए 'श्वेत क्रांति' की नींव रखी और 1965 में राष्ट्रीय डेयरी विकास संस्थान का गठन किया जिसने 'अमूल' जैसी सहकारी समितियों को बढ़ावा दिया ।

खाद्य संकट की घड़ी में उन्होंने देशवासियों से सप्ताह में एक बार एक वक्त का भोजन छोड़ने की अपील की। उन्होंने इसकी शुरुआत अपने परिवार से की जहाँ सभी ने सिर्फ एक वक्त भोजन करना और बच्चों को शाम को फल व दूध ही देना स्वीकार किया।

उनकी सादगी केवल जीवनशैली तक सीमित नहीं थी बल्कि उनके फैसलों में भी दिखाई देती थी। एक बार जब वे गृहमंत्री थे तो कलकत्ता में यातायात जाम के कारण समय पर एयरपोर्ट नहीं पहुंच पा रहे थे। पुलिस कमिश्नर ने उनके काफिले के आगे सायरन लगी कार भेजने का प्रस्ताव रखा लेकिन शास्त्री जी ने यह कहकर मना कर दिया कि वे कोई बड़े आदमी नहीं हैं। एक बार कपड़े की दुकान पर साड़ियाँ खरीदते समय दुकानदार ने उन्हें मुफ्त में कीमती साड़ियाँ देने की पेशकश की। शास्त्री जी ने न केवल यह पेशकश ठुकरा दी बल्कि दुकान में मौजूद सबसे सस्ती साड़ियाँ ही खरीदीं और उनकी कीमत अदा करके चले गए । लाल बहादुर शास्त्री जी का पूरा सार्वजनिक जीवन ईमानदारी का अप्रतिम उदाहरण है।

# व्यापार में सुगमता बढ़ाने से अभूतपूर्व निवेश आकर्षित हो सकता है

**डॉ. सौम्य कांति घोष**

हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत पर भरोसा दोहराया है। यह भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था की उस मजबूत संरचना को साबित करता है, जो पिछले कुछ वर्षों में कठिन मेहनत से तैयार की गई है। इससे व्यापार को लेकर उठने वाला संदेह और शोर-शराबा भी शांत हुआ है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपत्ति का बराबर बंटवारा हो और सभी को समान अवसर मिलें, सरकार ने एण्डक्यूयूओटी;बारबेल रणनीति एण्डक्यूयूओटी; अपनाई है। इसके तहत नीतियों और नियमों में कई तरह के सुधार किए जा रहे हैं, ताकि ईज ऑफ बिज़नेस के अलग-अलग स्तंभ मज़बूत हों। साथ ही, बड़े पैमाने पर औपचारिकीकरण, वित्तीयकरण और तकनीकी एकीकरण को ज़रूरी बनाया गया है।यह निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए अनिवार्य है।

महामारी के बाद भू-राजनीतिक हालात ने मैन्युफैक्चरिंग के तरीके बदलने की ज़रूरत पैदा कर दी। इसी के चलते भारत ने एक नई राह पकड़ी है, जहां एण्डक्यूयूओटी;ईज ऑफ एग्ज़िट एण्डक्यूयूओटी; यानी व्यापार से बाहर निकलने की आसानी पर जोर दिया जा रहा है। यह निवेशकों के लिए बहुत अहम है क्योंकि वे पूंजी लगाते समय इस सुविधा को देखते हैं। साल 2000 से अब तक भारत में 1 ट्रिलियन डॉलर से ज़्यादा का एफडीआई आया है, जिसमें सेवाएं, तकनीक और टेलीकॉम जैसे क्षेत्र सबसे ज़्यादा लाभान्वित हुए हैं (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही तक ही लगभग 25 अरब डॉलर निवेश आया है)।

जब सेबी विश्वसनीय विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित एवं सामान्यीकृत पहुंच (स्वागत-एफआई) लागू करता है, कम जोखिम वाले माने जाने वाले प्रमुख विदेशी निवेशकों के लिए पहुंच को सरल बनाता है, या आरबीआई फेमा दिशानिर्देशों में बहुप्रतीक्षित बदलाव लाता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रुपये का उपयोग बढ़ता है, तो अटलांटिक पार से आने वाली हलचलें अविस्मरणीय होती हैं। संस्थागत सुधारों की सफलता आईबीसी, संपत्ति पुनर्निर्माण, इंफ्रा फाइनेंसिंग और बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवाओं में एण्डक्यूयूओटी;प्लग-एंड-प्लेएण्डक्यूयूओटी; मॉडल के रूप में दिखती है। इन क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेज़ी से बढ़ता इस्तेमाल इसे और मज़बूत बना रहा है।

जनसंख्या के पैमाने पर कई नीतिगत कदम उठाए गए हैं, जैसे पीएमएवाई ( 3.2 करोड़ घरों को मंजूरी), मुद्रा(कुल 52 करोड़ से अधिक खातों में 33.65 लाख करोड़ रुपये मंजूर किए गए, जिसमें 68 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं),पीएम-स्वनिधि (96 लाख से अधिक ऋण खातों के माध्यम से 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को कवर किया गया), उद्यम (उद्यम सहायता पोर्टल की गणना करते हुए 6.86 करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकरण), श्रम सुविधा (2018 से 6.63 लाख ईएसआईसी पंजीकरण, 6.49 लाख ईपीएफओ पंजीकरण और फर्मों द्वारा 1.29 लाख अनुबंध श्रमिक पंजीकरण के साथ श्रम और रोजगार पोर्टल का अनुपालन), स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकीकृत आवासीय संपत्ति स्वामित्व समाधान जिसमें 9 3.20 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है), नक्शा (प्रारंभ में 150 शहरों में पायलट कार्यक्रम के साथ शहरी भूमि पार्सल का व्यापक, जीआईएस-एकीकृत डेटाबेस, जिसे पूरे भारत में 4,912 शहरी स्थानीय निकायों तक विस्तारित किया जाएगा), एसएएससीआई (केन्द्र से राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण) और औपचारिकीकरण भी लगातार बढ़ रहा है। इन सारी योजनाओं ने मिलकर भारत की मेहनत और लचीलापन दोनों को नई ताक़त दी है। इससे पहले शुरू की गई कई योजनाओं को मजबूती मिली है, स्मार्ट सिटी मिशन से लेकर हर घर जल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई), पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक। इन योजनाओं का असर सिर्फ़ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि नए निवेश को आगे बढ़ाने और सहारा देने में भी दिख रहा है।

2021 से अब तक जीएसटी संग्रह 1.9 गुना बढ़ा है (94 प्रतिशत की वृद्धि), कॉर्पोरेट टैक्स संग्रह 2.2 गुना बढ़ा है (116 प्रतिशत की वृद्धि), इनकम टैक्स वसूली 2.42 गुना बढ़ी है (143 प्रतिशत की वृद्धि), टैक्स देने वालों की संख्या 1.4 गुना (37 प्रतिशत वृद्धि) बढ़ी है, यानी लगभग 2.5 करोड़ नए करदाता जुड़े हैं। खास बात यह है कि निचले वर्ग के करदाता अब धीरे-धीरे ऊंचे स्तर पर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा, कंपनियों का मुनाफ़ा (बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं को छोड़कर) 2021 से अब तक 2.4 गुना यानी लगभग 136 प्रतिशत बढ़ा है।

कंपनियों के औपचारिककरण को और बढ़ावा देने के लिए, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में 1.85 लाख से अधिक कंपनियाँ बनीं। वहीं, 2024-25 में शुरुआती आंकड़े लगभग 1.63 लाख कंपनियों के पंजीकरण को दिखाते हैं। इसके साथ ही, वर्तमान में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज(आरओसी) में लगभग 18.5 लाख सक्रिय कंपनियां दर्ज हैं। लेकिन भारत ने करीब 8.5 लाख निष्क्रिय/अप्रचालित कंपनियों को अपने रिकॉर्ड से हटा दिया है। इससे यह साफ़ होता है कि भारत बेनामी और फर्जी कंपनियों को प्रणाली से बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है। मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद को वित्तपोषण से रोकने (सीएफटी) के मोर्चे पर भारत के निरंतर प्रयासों की पिछले साल वैश्विक निगरानी संस्था ने सराहना की थी। नवाचार (इनोवेशन) के क्षेत्र में हाल के वर्षों में भारत ने गहरी छाप छोड़ी है।

# शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा

**शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। इस दिन सुबह उठकर स्नान करें, सफेद वस्त्र पहनें, और मां को रोली, कुमकुम, सफेद फूल, और सफेद वस्त्र अर्पित करें। मां को नारियल, मीठे पकवान और विशेष रूप से काले चने का भोग लगाएं, और फिर मंत्रों का जाप करें। मान्यतानुसार मां महागौरी मां पार्वती का दिव्य रूप मानी जाती हैं. कहते हैं मां महागौरी सफेद वस्त्र धारण करती हैं और उनके आभूषण भी सफेद होते हैं जिस चलते उन्हें श्वेतांबरधरा भी कहा जाता है. मां की चार भुजाएं हैं. मां का एक हाथ अभय मुद्रा में रहता है, दूसरे हाथ में त्रिशूल है, एक हाथ में डमरू और एक हाथ वर मुद्रा में रहता है. मां महागौरी का वाहन वृषभ है और इसलिए मां को वृषारूढ़ा भी कहा जाता है. मां शांत मुद्रा में रहती हैं और मां का स्वरूप सौम्य नजर आता है.मां महागौरी की पूजा करने के लिए सुबह स्नान पश्चात स्वच्छ वस्त्र धारण किए जाते हैं.**



**स्नान और वस्त्र:** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ, सफेद रंग के वस्त्र पहनें।

**प्रतिमा की स्थापना:** घर के मंदिर या पूजा स्थल पर मां महागौरी की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें और गंगाजल या शुद्ध जल से उसका अभिषेक करें।

**सजावट और तिलक:** मां को सफेद फूल, रोली और कुमकुम का तिलक लगाएं।

**भोग:** मां को नारियल से बनी मिठाई, पंचमेवा, फल और विशेष रूप से काले चने का भोग लगाएं।

**आरती और मंत्र:** घी का दीपक जलाएं, मां की आरती करें और या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।मंत्र का जाप करें।

**अन्य धार्मिक कार्य:** कन्या पूजन करें और मां के लिए चुनरी अर्पित करें। अंत में, अपनी भूल-चूक के लिए क्षमा याचना करें।

**मां महागौरी के पूजा मंत्र**

ॐ देवी महागौर्यै नमः

श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।
या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।



# कमजोर कलाइयों को मजबूत बनाने के लिए रोजाना करें एक्सरसाइज




**किसी जार का ढक्कन खोलना हो या फिर किसी भारी चीज को धक्का लगाना हो। सारे काम हाथ से होते हैं और खासतौर पर कलाईओं का इस्तेमाल जरूर किया जाता है। लेकिन काफी सारी महिलाएं कमजोर कलाई की समस्या से जूझती रहती हैं। जिसकी वजह से उन्हें कई बार कलाई में मोच लग जाती है। लेकिन कुछ एक्सरसाइज आपकी नाजुक कलाई को मजबूत बनाने में मदद करेंगी। जानें कैसे करें ये एक्सरसाइज।**

**रिस्ट रोटेशन :-** लाईयों की मजबूती के लिए इसकी मसल्स को ज्यादा एक्टिव करना होगा। जिससे कि ये किसी भी तरह के भार का बोझ सहन कर सकते। रिस्ट रोटेशन एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले घुटनों के बल हो जाएं और साथ ही कलाईयों को भी जमीन पर टिका दें। इसे टेबल टॉप पोजीशन बोलते हैं। अब कलाईयों पर हल्का जोर डालते हुए सर्किल बनाएं। क्लॉकवाइज और एंटीक्लॉक वाइज पूरी बॉडी को घुमाइए। ऐसा करने से कलाईयों की मसल्स कोफ्लैक्सिबल होने में मदद मिलेगी।

**रिस्ट स्ट्रैचिंग :-** रिस्ट की मसल्स को स्ट्रेच करने वाली एक्सरसाज करें। इसे करने के लिए टेबल टॉप पोजीशन पर होने के बाद हथेलियों को उल्टा अपनी तरफ घुमाएं। फिर हिप को पीछे की तरफ स्ट्रेच करें। इससे फोरआर्म्स पर स्ट्रेच बढेगा। लेकिन ध्यान रहे कि हथेलियां जमीन से टच रहें।

**कुंभकासन:-** कुंभकासन करने से भी कलाईयों को मजबूती मिलती है। कुंभकासन यानी हाई प्लैंक, इसे करते हुए दस सांस तक रुके और फिर नॉर्मल पोजीशन में आ जाए। कलाईयों को घुमाएं। इसके बाद आराम की मुद्रा में बैठ जाएं और दोनों हाथों को सामने की तरफ करें। अब मुट्ठी को बांध लें और कलाईयों को क्लॉकवाइज और एंटीक्लॉक वाइज घुमाएं।





**कलाई से बनाएं नंबर 8 :-** आराम की मुद्रा में बैठे हुए दोनों हाथों को नमस्ते की मुद्रा में बांधे। फिर कलाईयों को घुमाते हुए नंबर 8 बनाने की प्रैक्टिस करें।

# ब्रेकफास्ट में बनाएं हेल्दी टेस्टी दही उपमा

**ब्रेकफास्ट में हर दिन कुछ नया और स्पेशल खाने की जिद होती है। साथ ही ऐसा जो टेस्टी भी लगे और हेल्थ के साथ भी कॉम्प्रोमाइज ना करना पड़े। अब इतन सारी कंडीशन के साथ कुछ अलग बनाने का मन है तो दही उपमा ट्राई कर लें। ये रेसिपी आपके डाइजेशन के लिए भी अच्छी रहेगी और आसानी से पच भी जाएगी। तो सीख लें दही उपमा बनाने की ये रेसिपी।**



**दही उपमा बनाने की सामग्री:**

आधा कप सूजी, एक कप दही, एक कप पानी, अदरक का छोटा टुकड़ा, हरी मिर्च, हरी धनिया, नमक स्वादानुसार,एक चम्मच देसी घी, राई, सूखी लाल मिर्च, चना दाल, मूंगफली, काजू, करी पत्ता

**बनाने की विधि**

- दही उपमा बनाने के लिए किसी बाउल में दही निकालकर फेंट लें। अब इस दही में बारीक कटी हरी मिर्च, हरी धनिया, बारीक कटी अदरक डालें। साथ ही नमक डालकर फेंट लें और पानी डालकर पतला कर लें।
- अब पैन में तेल डालकर गर्म करें और राई चटकाएं।
- साथ ही लाल मिर्च और चना दाल डालकर फ्राई करें।
- हल्का सा भूनने के बाद मूंगफली डालें और भूनें।
- काजू और करी पता डालने के बाद भूनें और बारीक कटे प्याज को डालकर फ्राई कर लें।
- जब प्याज हल्का सा सुनहरा होने लगे तो सूजी डाल दें।
- सूजी को धीमी फ्लेम पर सारी चीजों के साथ अच्छी तरह से भून लें। जब सूजी भुन जाए तो फेंटी, पानी मिली हुई दही को मिक्स करें।
- धीमी फ्लेम पर चलाते हुए मिक्स करें और पकाएं।
- थोड़ी ही देर में ये बिल्कुल गाढ़ी हो जाएगी और बस तैयार है दही उपमा। ब्रेकफास्ट के लिए ये बिल्कुल लाइट होगा, जो आसानी से पच भी जाएगा।
- आप चाहें तो इसमे मनचाही सब्जियों को भी मिक्स कर सकती हैं। जिससे खाने में इसका स्वाद बढ़ जाएगा।



# अंकुरित चना खाने के बाद कभी ना खाएं ये चीज़ें



अंकुरित चना खाना सभी को पसंद होता है। सुबह के रूटीन में इसे शामिल ना किया जाए तो वो हेल्दी रूटीन नहीं होता। यह कई लोगों के डेली रूटीन का हिस्सा होता है। लेकिन कुछ ऐसी चीजें हैं जो हमें अंकुरित चना खाने के बाद बिल्कुल नहीं खानी चाहिए। उनसे जितना परहेज किया जाए उतना ही हम स्वस्थ रहेंगे। अंकुरित चना में फाइबर, पोटैशियम, आयरन जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। और अगर रोजाना इसका सेवन किया जाए तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है,लेकिन इसके खाने से पहले आपको यह जानना होगा कि इसके खाने का सही तरीका क्या है, जाने यहां।

**दूध न पिएं**

अंकुश चना खाने के तुरंत बाद आपको दूध नहीं पीना चाहिए। इससे आपको स्किन से जुड़ी समस्या हो सकती है। और चेहरे पर सफेद दाग भी दिखाई दे सकते हैं।



**अचार ना खाएं**

खाली पेट अंकुरित चना खाने के बाद अचार नहीं खाना चाहिए। इससे हमारे पेट में एसिड बनता है और पेट में जलन या दर्द हो सकता है।



**अंडे से परहेज करें**

अगर आप अंकुरित चना खाने के बाद तुरंत अंडा खाने वालों में से हैं तो रुक जाएं। अंडा और चना दोनों में प्रोटीन की मात्रा भरपूर होती है, इसलिए पेट में रिएक्शन होने का खतरा होता है।



**लहसुन भी ना खाएं**

लहसुन खाने से आपको स्किन से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं। इसका सेवन आपके चेहरे के लिए खराब हो सकता है।



**करेला ना खाएं**

करेली और अंकुरित चना दोनों को एक साथ खाने से शरीर में रिएक्शन होता है, इससे आपको तकलीफ महसूस हो सकती है। इसलिए अंकुरित चना खाने के बाद करेले का सेवन कभी ना करें।



# एग्जाम से पहले कैसी होनी चाहिए बच्चों की डाइट



**बच्चों के हाफ ईयरली एग्जाम शुरू होने वाले हैं। ऐसे में पढ़ाई के साथ ही उनकी डाइट का भी ख्याल रखना जरूरी है। जानिए एग्जाम से पहले बच्चों को क्या खिलाएं ताकी आसानी से याद हो। साल 2023 खत्म होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, और अब साल का वह समय आ गया है जब बच्चों के हाफ ईयरली एग्जाम शुरू होने वाले हैं। इन एग्जाम को शुरू होने में बहुत कम ही दिन बचे हैं। ऐसे में बच्चों के साथ ही पेरेंट्स भी टेंशन में हैं कि बच्चों के एग्जाम अच्छे जाएं और उनके नंबर भी अच्छे आएं। इसके लिए बच्चों की तैयारी जोरों से हो रही है। पढ़ाने के साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे का दिमाग पूरी तरह से एक्टिव हो। एग्जाम से पहले और एग्जाम के समय उनका माइंड एक्टिव रहे इसके लिए खाने पीने का खास ख्याल रखना चाहिए। यहां जानिए एग्जाम से पहले कैसी होनी चाहिए बच्चों की डाइट-**

### हेल्दी रखें ब्रेकफास्ट

दिन की शुरुआत अगर अच्छी होगी तो बच्चों का दिमाग पूरी दिन एक्टिव रहेगा। बच्चों को सुबह हेल्दी ब्रेकफास्ट खिलाएं। खाने में प्रोटीन, फाइबर और विटामिंस को शामिल करना जरूरी है। ऐसे में नाश्ते के दौरान पनीर, टोफू, अंडे खिलाएं। इसी के साथ पूड़ी-पराठे के बदले उन्हें इडली, पोहा या फिर सब्जियों का सैंडविच खिलाएं।

### ऐसा होना चाहिए मिड ब्रेकफास्ट

सुबह के नाश्ते और दिन के खाने के बीच में खूब गैप होता है। ऐसे में मिड ब्रेकफास्ट में हेल्दी चीज खाना जरूरी है। वर्ना लंच के समय तक बहुत भूख लग जाती है और हो सकता है कि बच्चा इस बीच कुछ अनहेल्दी खा ले। ऐसे में मिड ब्रेकफास्ट में आप बच्चे को सूप, जूस, स्मूदी या फिर कोई फ्रूट खिला सकते हैं।

### पूरा होना चाहिए लंच

लंच में बच्चों के लिए फुल मील प्लान करें। कोशिश करें कि उन्हें दाल, सब्जी, रोटी, चावल और एक कटोरी दही रोजाना खिलाएं। इसी के साथ सब्जी में पालक, ब्रोकली, पनीर, सोयाबीन को शामिल करें।

### स्नैक्स में क्या खिलाएं

बच्चे को शाम के स्नैक्स में मखाने, भुना चना, फ्रूट, या फिर कुछ बीज (कद्दू, सूरजमुखी) दें। ये चीजें हेल्दी और टेस्टी होती हैं। आप चाहें तो लस्सी या छाछ भी दे सकती हैं।

### डिनर रखें हल्का

डिनर को जितना हो सके उतना हल्का रखें। इसके लिए आप बच्चे को दाल-चावल, खिचड़ी या फिर कोई शीर खिला सकती हैं। ये सभी चीजें हेल्दी होती है। जब बच्चे की डायट अच्छी होगी तो उसे दिन भर एक्टिव रखा जा सकता है और उसका पढ़ाई में भी ध्यान लगेगा।

# मुंह के छाले का कारण लक्षण व घरेलु उपचार



मुंह में छाले होना एक बहुत आम बात है, लेकिन इसके होने पर इन्सान का बुरा हल हो जाता है| वो ना ढंग से खा पी पता है ना ही बोल पाता है| ये छाले दिखने में सफ़ेद व आजू बाजु से लाल होते है| ये ज्यादातर गाल के पीछे, होंठ, जीभ के नीचे ना मुंह के उपरी हिस्सों में होते है| कई लोगों मुहं के छालों से हर थोड़े दिन में परेशान होते, सही ढंग से इलाज ना होने के कारण बार बार उन्हें ये समस्या हो जाती है|

### मुंह के छाले होने के कारण

वैसे छाले का कोई सही कारण नहीं पता है, तनाव भी ulcer का एक कारण है। पाचनतंत्र का ख़राब होना,ज्यादा तेल मसाले मिर्ची वाले भोजन का सेवन करना अनुवांशिक,हार्मोन का बदलाव,विटामिन B की कमी,खाते समय दांत से गाल काट लेना,सिगरेट अधिक पीना,खट्टी चीजों का अधिक सेवन करना। इस तरह के छाले गहरे व बड़े होते है, जो अधिक समय लेते है ठीक होने के लिए, एवं ठीक होने के बाद भी ये अपने निशान छोड़ जाते है। ये मुंह के कई हिस्सों में एक साथ हो जाते है जिससे तकलीफ बढ़ जाती है। ये छोटे होते है एवं इसमें दर्द भी कम होता है, जो जल्दी ही ठीक हो जाते है।

### मुंह के छाले का घरेलु उपचार

मुंह के छाले का भी घरेलु उपचार मौजूद है, जिसे अपना कर आप इस समस्या से आसानी से निदान पा सकते है। छाले कई बार पीछा ही नहीं छोड़ते है और बार बार होते है, ऐसे में हर बार दवाइयों का सहारा लेना ठीक नहीं, हम आपको कुछ घरेलु उपचार बता रहे है जिसे आप आसानी से अपना कर बिना किसी नुकसान के ये समस्या हल कर सकते है। छाले में नारियल का दूध बहुत आराम देता है। यह दर्द को कम करता है। 1 चम्मच दूध में थोड़ी सी शहद मिलाएं व छाले वाले हिस्से में इससे मसाज करें, दिन में 3-4 बार सेवन करें आराम मिलेगा। इसके अलावा आप ताजे नारियल के दूध से मुहं में कुल्ला करें, आराम मिलेगा। यह एक आयुर्वेदिक उपचार है, जो जल्दी आराम देता है और जड़ से छाले दूर करता है। 1 कप पानी में 1 चम्मच धना डालकर उबाल लें। इसे छानकर ठंडा कर लें। अब इस पानी से कुल्ला करें।रोज दिन में 2-3 बार यह प्रक्रिया दुहरायें। अगर आपको मुहं के छाले किसी एसिडिक चीज जैसे नीम्बू, संतरा खाने से हुआ है तो बेकिंग सोडा ऐसें में आराम देता है। ये मुहं में अगर इन्फेक्शन या बैक्टीरिया हो गया है तो भी दूर करता है।



# शरीर में पानी की कमी के हैं ये लक्षण



पानी शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। अगर आप कम मात्रा में पानी पीते हैं तो कई सारी बीमारियों के पैदा होने का डर रहता है। क्योंकि पानी शरीर से टॉक्सिंस को आसानी से बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही शरीर के सारे बॉडी पार्टस भी स्मूदली वर्क कर पाते हैं। पानी की कमी से दिल की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। वहीं यूरिन इंफेक्शन, कब्ज, इनडाइजेशन की समस्या बढ़ जाती है। वहीं चेहरे पर एक्ने भी पानी की कमी से दिखते हैं। कई बार शरीर में पानी की कमी तो होती है लेकिन उसे हम समझ नहीं पाते। ऐसे में शरीर में दिख रहे इन लक्षणों समझें कि आप है डिहाइड्रेशन के शिकार।

### यूरिन का कलर

अगर आपको खुलकर यूरिन नहीं हो रही और यूरिन का कलर पीलापन लिए है। तो ये आपके शरीर में पानी की कमी का संकेत है। जरूरी है कि पानी पीने की मात्र को बढ़ा दिया जाए।

### मुंह से बदबू

पानी की कमी की वजह से मुंह में लार कम बनती है और मुंह से बदबू आती है। दांतों और मुंह की सफाई के बाद भी मुंह बदबू करता है तो पानी ज्यादा पीना शुरू करें।

### स्किन और होंठ ड्राई

अगर स्किन हमेशा ड्राई रहती है और होंठ के आसपास का हिस्सा सूखा सा लगता है तो शरीर में पानी की कमी है। इसे पूरा करने के लिए लिक्विड और पानी की मात्रा को बढ़ा दें।

### कमजोरी और सुस्ती

डिहाइड्रेशन की वजह से ब्लड प्रेशर लो हो जाता है। जिसकी वजह से थकान और सुस्ती लगती है और सिर चकराता है। इसलिए सुस्ती और सिर चकराने पर पानी पीना बेहद जरूरी होता है।

### नींद ज्यादा लगना और थकान

अगर आपको बहुत ज्यादा थकान महसूस हो रही है और नींद आ रही है तो ये शरीर में पानी की कमी का संकेत है। डिहाइड्रेशन को दूर करने के लिए लिक्विड और पानी ज्यादा मात्रा में पिएं।

### मसल्स क्रैंप

पानी की कमी और डिहाइड्रेशन की वजह से इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बिगड़ जाता है और मसल्स में क्रैंप होता है। ये सिचुएशन भी डिहाइड्रेशन की निशानी है।

खाना खज़ाना

# कढ़ी पकौड़ा

कढ़ी आप सभी ने कभी ना कभी तो खाई ही होगी, इसका टेस्ट लाजवाब होता है। लेकिन अगर हम चाहें कि ऐसी ही कढ़ी हम घर में बनाकर स्वाद लें तो ऐसा बनना मुमकिन ही नहीं होता, कई लोगों की ये शिकायत रहती है कि कभी उनकी कढ़ी अच्छी नहीं बनती तो कभी पकौड़े सही नहीं बनते हैं, ऐसे में हम आपको शादी वाली उरद दाल की कढ़ी की रेसिपी बता रहे हैं जो यकीनन आपको पसंद आएगी। चलिए जानतें हैं कढ़ी बनाने की रेसिपी-





### आवश्यक सामग्री

उड़द दाल 4 कप, नमक 2 छोटी चम्मच, हरी मिर्ची 4 बारीक कटी हुई, अदरक एक चम्मच ग्रेट किया हुआ, हरा धनिया, हींग दो चुटकी, तलने के लिए सरसों का तेल, दही डेढ़ कप, जीरा एक छोटी चम्मच, हल्दी आधा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर आधा चम्मच

### बनाने की विधि

अब दाल वाले मिक्सचर जार में डेढ़ कप दही लेकर फेट लीजिए। इसे भी एक कटोरे में निकाल लीजिए। इसमें 4 कप पानी डालकर अच्छे से मिला दीजिए। इस तरह कढ़ी के लिए गोल बनकर तैयार हो जाएगा। अब दोबारा से कड़ाही में 2 बड़े चम्मच तेल डालकर गर्म कीजिए। तेल में जीरा ग्रेटेड अदरक, बारीक कटी हरी मिर्च, साबुत हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, हींग डालकर भून लीजिए। मसालाा भून लेने के बाद इसमें कढ़ी का घोल डालकर फ्लेम तेज करके इसे लगातार चलाते हुए उबाल आने तक पकाएं। अब इस बीच इसमें एक कप पानी और कुटी हुई लाल मिर्च डालिए। कढ़ी में उबाल आने पर इसे थोड़ी थोड़ी देर में चलाते हुए पकाएं। कढ़ी को कम से कम 15 से 20 मिनट तक पकाना है, जब यह थोड़ी सी गाढ़ी हो जाए तो इसमें नमक और पकौड़े डाल दीजिए। तड़का लगाने के लिए एक पैन में 2 छोटी चम्मच तेल, डालकर गर्म कीजिए। इसमें जीरा, एक चुटकी हींग, साबुत लाल मिर्च, 8 से10 करी पत्ता डालिए। लो फ्लेम पर हल्का में इसे भूनें, इसमें एक छोटी चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च डालिए। इस तड़के को कढ़ी पर डालकर हल्का चला दीजिए। लीजिए आपकी कढ़ी बन कर तैयार है, इससे खुद भी खाइए मेहमानों को भी खिलाएं।

## ऊर्जा भंडारण उत्पाद रीसाइक्लर, आर्डी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 29 सितंबर, 2025 को सेबी के पास आईपीओ के दस्तावेज़ दाखिल किए

आर्डी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आर्डी या कंपनी) ने 29 सितंबर, 2025 को ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है, जिसमें 3,200 मिलियन रुपये तक का नया इश्यू और 2 रुपये अंकित मूल्य के 37,650,000 इक्विटी शेयरों तक का बिक्री प्रस्ताव शामिल है। आर्डी भारत के चक्रीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक है, जो एंड-ऑफ-लाइफ ऊर्जा भंडारण उत्पादों और अलौह स्क्रैप के पर्यावरण के लिए जिम्मेदार तरीके से पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) में विशेषज्ञता रखता है, साथ ही अपशिष्ट धाराओं से महत्वपूर्ण संसाधनों को पुन: प्राप्त करता है। इसके उत्पाद पोर्टफोलियो में शुद्ध सीसा और सीसा मिश्र धातुएं जैसे लेड कैल्शियम मिश्र धातु, लेड एंटीमनी मिश्र धातु, लेड टिन मिश्र धातु, लेड सिल्वर मिश्र धातु और लेड कैडमियम मिश्र धातु शामिल हैं, जिनका उपयोग ऊर्जा भंडारण, ई-मोबिलिटी, ऑटोमोटिव, रसायन, सहित महत्वपूर्ण उद्योगों में होता है। संग्रह, रिसाइक्लिंग और उत्पादन के चक्र को पूरा करके, कंपनी महत्वपूर्ण धातुओं के आयात पर भारत की निर्भरता को कम करती है, घरेलू संसाधन सुरक्षा को मजबूत करती है, और औद्योगिक विकास के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती है।

## केएफसी इंडिया लेवल्स अप ऑन प्रोटीन विद द ऑल न्यू चटपटा चना बर्गर

**नईदिल्ली।** KFC+ चना? अगर आप सोच रहे हैं कि इसका क्या मतलब है, तो तैयार हो जाइए एक सरप्राइज के लिए। यह 2025 का ऐसा ट्विस्ट है जिसकी किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी। पेश है KFC का नया प्रोटीन पैटी बर्गर - चटपटा चना। भारत का पहला चना बर्गर, जिसकी कीमत है सिर्फ 69 रुपए। यह चना पैटी से बना है और इसमें भारतीय मसालों का खास तड़का लगाया गया है। इस नए मेन्यू की खासियत है खस्ता सुनहरी प्रोटीन पैटी, जिस पर डाली गई है करारी प्याज़, क्रीमी खट्टा-मीठा सॉस, एगलेस मेयोनेज़ और एक हेल्दी सीड वाला बन। चटपटा चना बर्गर KFC की मेन्यू में नए बदलाव लाने की सोच को दिखाता है, ताकि ग्राहकों को स्वाद के साथ-साथ हेल्दी विकल्प भी मिलें और वो भी बिना उस लाजवाब स्वाद से समझौता किए जिसके लिए KFC मशहूर है। आज के ग्राहक स्वाद और न्यूट्रिशन का संतुलन चाहते हैं, और चटपटा चना बर्गर उसी का जवाब है। एक प्रोटीन पैटी बर्गर जो भरपूर स्वाद से भरा हुआ है। KFC के नए लॉन्च को लेकर उत्साहित अपर्णा भावल, सीएमओ, यम्ब्रैण्ड इंडिया और पार्टनर कंट्रीज़ ने बताया कि, हमारे हर काम के पीछे सबसे अहम ग्राहक होता है, और आज का ग्राहक सब कुछ चाहता है। ऐसा खाना जो लाजवाब स्वाद वाला हो, इंस्टा-योग्य हो और साथ ही हेल्दी भी हो। यही सब हमारा नया चटपटा चना बर्गर लेकर आया है। यह भारत का पहला चना बर्गर है, जो मिलेगा सिर्फ 69 रुपए में। एक ऐसा ऑफर जिसकी उम्मीद किसी ने KFC से नहीं की थी और न ही ऐसी कीमत की कल्पना की थी। चटपटा चना बर्गर प्रोटीन पैटी से बना है, बेहद करारा है और यकीनन यह सबसे बड़े चिकन लवर्स को भी पसंद आएगा। हमें पता है कि 'KFC में वेज' सुनना थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन चटपटा चना बर्गर का एक ही निवाला आपको तुरंत समझा देगा कि यह हमारे मेन्यू में क्यों शामिल है।

## एडब्लूएस स्पेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम द्वारा ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान में 67 स्टार्टअप्स को सपोर्ट किया जाएगा

एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने एडब्लूएस स्पेस एक्सेलरेटर: एपीजे 2025 प्रोग्राम के लिए ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान से चयनित 67 स्टार्टअप्स की घोषणा कर दी है। इन स्टार्टअप्स को एडब्लूएस और पार्टनर संस्थानों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वो स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपने विकास और इनोवेशन में तेजी ला सकें। यह एक 10 हफ्ते का वर्चुअल प्रोग्राम है, जिसकी शुरुआत 19 सितंबर, 2025 को हुई थी। यह प्रोग्राम 28 नवंबर, 2025 तक चलेगा, तथा इसका समापन एक डेमो डे के साथ होगा, जिसमें स्टार्टअप्स स्पेस एजेंसियों, निवेशकों, एडब्लूएस ग्राहकों और स्पेस उद्योग के नेतृत्वकर्ताओं के सामने अपने समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। स्पेस इनोवेशन के क्षेत्र में तैयार होंगे भविष्य के लीडर्स एडब्लूएस एयरोस्पेस एवं सैटेलाईट बिज़नेस यूनिट की स्थापना साल 2020 में हुई थी। इसका निर्माण ग्लोबल स्पेस उद्योग को क्लाउड टेक्नोलॉजी का प्रभावी उपयोग करने में मदद देने के लिए किया गया था। हमारे अनुभव से लगातार प्रदर्शित होता आया है कि जो स्टार्टअप आधुनिक क्लाउड टेक्नोलॉजी पर अपने आधार का निर्माण करते हैं, वो अपने इनोवेशन का विस्तार करने में ज्यादा सफल होते हैं और सतत वृद्धि हासिल करते हैं। इस साल के एक्सेलरेटर के लिए भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया पर ध्यान केंद्रित करने से सामने आया कि ये बाजार असाधारण तेजी प्रदर्शित करते हैं। भारत में स्पेस का क्षेत्र अप्रत्याशित गति से बढ़ रहा है। इसमें इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराईज़ेशन सेंटर (इन-स्पेस) के माध्यम से स्पेस टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स को 5 बिलियन रुपये (लगभग 57.58 मिलियन डॉलर) का सरकारी सहयोग मिल रहा है, ताकि अरली-स्टेज की स्पेस टेक्नोलॉजी को कमर्शियल करने में मदद मिले तथा ग्लोबल स्पेस उद्योग में देश की हिस्सेदारी बढ़े। यह एडब्लूएस स्पेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम का लगातार पाँचवाँ साल है। 2025 के लिए एशिया पैसिफिक और जापान (एपीजे) समूह आज तक का हमारा सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी एक्सेलरेटर है। इसमें 67 स्टार्टअप्स को चुना गया है, जो 2024 में हमारे 24 कंपनियों के समूह से लगभग तीन गुना ज्यादा है।

# रूस ने डीजल और पेट्रोल के निर्यात पर लगाया आंशिक प्रतिबंध

### यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बाद लिया फैसला



**यूक्रेन, एजेंसी।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों के कारण रूस की तेल शोधन (रिफाइनिंग) क्षमता में भारी गिरावट आई है। कुछ दिनों में ही यह गिरावट लगभगत पांचवां हिस्सा तक पहुंच गई, जिससे रूस के प्रमुख बंदरगाहों से ईंधन का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। इन हालात के बीच रूस ने डीजल और पेट्रोल के निर्यात पर आंशिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, जो साल के अंत तक लागू रहेगा। उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने गुरुवार को यह घोषणा की। नोवाक ने कहा, हम पेट्रोल निर्यात पर प्रतिबंध को साल के अंत तक बढ़ाएंगे और डीजल ईंधन के गैर-उत्पादकों के लिए निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा। इससे घरेलू बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि देश में तेल उत्पादों की थोड़ी कमी है, लेकिन मौजूदा भंडार से मांग पूरी नहीं की जा सकती है।

इस बीच, रूस के नियंत्र वाले क्रीमिया के प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने बताया कि ईंधन की आपूर्ति में बाधा रिफाइनरियों के बंद होने के कारण आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीजल निर्यात पर लगा नया प्रतिबंध मुख्य रूप से बिचौलियों पर लागू होता है, न कि उत्पादकों पर। लेकिन रूस से डीजल का बड़ा हिस्सा सीधे उत्पादकों द्वारा उत्तरी और दक्षिण पाइपलाइनों के जरिये बाल्टिक और काला सागर के बंदरगाहों तक पहुंचाया जाता है।

2024 में रूस ने लगभग 86 मिलियन मीट्रिक टन डीजल का उत्पादन किया, जिसमें से करीब 31 मिलियन टन का निर्यात हुआ। समुद्री मार्ग से डीजल निर्यात करने वाले देशों में रूस और अमेरिका शीर्ष पर रहे हैं। वहीं, पेट्रोल के निर्यात पर लगा प्रतिबंध उत्पादकों और बिचौलियों दोनों पर लागू होगा। हालांकि, यह प्रतिबंध अन्य देशों के साथ रूस के अंतर-सरकारी समझौतों पर लागू नहीं होगा।

रूस में ईंधन की कमी तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, देश की दूसरी सबसे बड़ी तेल कंपनी लुकोइल ने मॉस्को के कुछ पेट्रोल पंपों पर जैरी कैन (डिब्बे) में पेट्रोल बेचने पर रोक लगा दी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल की खरीद पर आपत्ति जता रहे हैं।

## भारत की वसुधैव कुटुंबकम की सोच वैश्विक चुनौतियों का हल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर, शॉम्बी शार्प ने भारत की वैश्विक मंच पर बढ़ती ताकत की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया में भू-राजनीति, विकास और शांति स्थापना में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम यानी दुनिया एक परिवार है की भारतीय सोच को आज की वैश्विक चुनौतियों का हल बताया। उन्होंने कहा, भारत अब वैश्विक स्तर पर बेहद अहम भूमिका निभा रहा है। हमें भारत जैसे नेतृत्व और वसुधैव कुटुंबकम की भावना की जरूरत है।

**गरीबी उन्मूलन से लेकर चांद तक की उड़ान:** शॉम्बी शार्प ने भारत की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि यह देश एक ओर चांद पर पहुंच रहा है और दूसरी ओर करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए नए रास्ते खोज रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के ये अनुभव खासकर ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के लिए बेहद उपयोगी हैं।

**भारत नवाचार में भी अग्रणी- शॉम्बी शार्प :** उन्होंने बताया कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, भारत नवीकरणीय ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में अद्भुत गति से निवेश और नवाचार कर रहा है। यह दुनिया के लिए एक बड़ा उदाहरण है।

**आतंकवाद और शांति स्थापना में भारत की अहम भूमिका:** शॉम्बी शार्प ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और संयुक्त राष्ट्र के मजबूत सहयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत और संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी उपायों पर मिलकर नजदीकी से काम किया है। भारत की शांति स्थापना में भूमिका पर उन्होंने पीएम मोदी के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने भारत को शांति का पक्षधर बताया था। उन्होंने कहा कि भारत शुरू से ही यूएन शांति सेना में सबसे ज्यादा सैनिक और नागरिक कर्मी भेजने वाला देश है। इस दौरान शॉम्बी शार्प ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के जी-20 बैठक में दिए गए भाषण की सराहना की। जयशंकर ने कहा था कि शांति और विकास एक-दूसरे से जुड़े हैं, न शांति के बिना विकास संभव है और न विकास के बिना शांति।

## मस्क का अरबपति अय्याशों की लिस्ट में आया नाम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
टेस्ला और एक्स (पूर्व ट्विटर) के सीइओ एलन मस्क का नाम हाल ही में सार्वजनिक हुई सेक्स ट्रैफिकिंग रिंग की जेफ्री एपस्टीन फाइल्स में आया है। इन दस्तावेज़ों में कथित तौर पर मस्क और एपस्टीन के बीच संपर्क का जिक्र है। दस्तावेज़ों की नई खेप के बाद अमेरिकी राजनीति में हलचल मची है, लेकिन मस्क ने इस मामले पर स्पष्ट खंडन किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी को सौंपे गए दस्तावेज़ों में दिसंबर 2014 का जिक्र है, जिसमें कहा गया कि मस्क को एपस्टीन के निजी आइलैंड पर बुलाया गया था। दस्तावेज़ों में एक हाथ से लिखा नोट भी शामिल है- क्या यह अब भी होने वाला है? एलन मस्क ने इस पूरे मामले पर सोशल मीडिया पर जवाब देते हुए लिखा ये झूठ है। उन्होंने इसके अलावा कोई टिप्पणी नहीं की। सोशल मीडिया पर इस खबर को लेकर बहस और प्रतिक्रियाएँ तेजी से फैल रही हैं।एक्स (पूर्व ट्विटर) पर कई यूजर्स ने आरोप लगाया कि मीडिया बार-बार मस्क को निशाना बना रही है। कुछ ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी और उससे जुड़े मीडिया समूह मस्क को खतरा मानते हैं क्योंकि वह भ्रष्टाचार और प्रचारित नैरेटिव को उजागर करते हैं। इस अंतरराष्ट्रीय सेक्स ट्रैफिकिंग रिंग में केवल एलन मस्क ही नहीं, बल्कि अन्य बड़े नाम भी जुड़े हैं जिनमें ट्रंप के समर्थक पीटर थेल सिलिकॉन वैली के चर्चित कारोबारी और निवेशक, PayPal और Palantir के को-फाउंडर, स्टीव बेनन पूर्व व्हाइट हाउस चीफ स्ट्रैटेजिस्ट और Breitbart News के प्रमुख भी शामिल हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि यह फाइल्स अमेरिकी राजनीति और टेक इंडस्ट्री के बड़े नामों के लिए नए सवाल और आलोचनाओं का द्वार खोल सकती हैं।

## हाइब्रिड मॉडल से चल रहा है पाकिस्तान

### सेना और सरकार मिलकर करते हैं शासन, ख्वाजा आसिफ का कबूलनामा

**इस्लामाबाद / वॉशिंगटन , एजेंसी।**
पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि देश में शासन का संचालन हाइब्रिड मॉडल के तहत होता है, जहां सेना और नागरिक सरकार मिलकर फैसले लेती है। आसिफ ने यह बयान एक पत्रकार को दिए एक साक्षात्कार में दिया है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान की सत्ता में सेना का दखल है और निर्णय सहमति से लिए जाते हैं।

**पाकिस्तान में सेना प्रमुख का प्रभाव इतना ज्यादा क्यों?:** जब ख्वाजा आसिफ से पूछा गया कि पाकिस्तान में सेना प्रमुख का प्रभाव इतना ज्यादा क्यों है कि रक्षा मंत्री भी उसके अधीन दिखाई देते हैं। इस पर आसिफ ने कहा, यह पूरी तरह समान नहीं है, लेकिन फैसले सहमति से लिए जाते हैं। हम असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में सामूहिक निर्णय ही लागू होता है। जब उनसे तुलना की गई कि अमेरिका में रक्षा मंत्री के पास जनरलों को बर्खास्त करने का अधिकार होता है, जबकि पाकिस्तान में



ऐसा नहीं है, तो आसिफ ने अमेरिका की व्यवस्था को डीप स्टेट कहकर टाल दिया।

### पहले भी हाइब्रिड शासन की तारीफ कर चुके हैं आसिफ

पाकिस्तानी अखबार के मुताबिक, आसिफ ने पहले भी इस हाइब्रिड शासन प्रणाली की तारीफ करते हुए इसे पाकिस्तान की आर्थिक और प्रशासनिक समस्याओं को हल करने के लिए व्यावहारिक आवश्यकता बताया था। उनका कहना था कि यह आदर्श लोकतंत्र नहीं है, लेकिन मौजूदा हालात में यही व्यवस्था देश के लिए बेहतरीन काम कर रही है।

इस दौरान ख्वाजा आसिफ से पाकिस्तान के अमेरिका और चीन के बीच संतुलन पर भी सवाल पूछा गया। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की मेजबानी की थी। इस पर पूछा गया कि क्या अमेरिका से बढ़ते संबंध चीन के साथ पाकिस्तान की दोस्ती को प्रभावित करेंगे।

आसिफ ने कहा कि चीन को इस बात की कोई चिंता नहीं है। हमारा चीन के साथ संबंध दशकों पुराना और भरोसेमंद है। चीन हमारे हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। हमारी वायुसेना, पनडुब्बियां और कई बड़े रक्षा उपकरण वहीं से आते हैं। अमेरिका जैसे देशों की अविश्वसनीयता की वजह से चीन के साथ हमारा सहयोग और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान का रणनीतिक भविष्य चीन के साथ ही जुड़ा हुआ है, हालांकि अमेरिका के साथ संबंध लेन-देन वाले और थोड़े चोचलेबाजी जैसे रहे हैं। आसिफ ने सऊदी अरब के साथ हाल ही में हुए समझौते पर भी बात की। इस समझौते के तहत किसी एक देश पर हमले को दोनों पर हमला माना जाएगा। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा छत्रछाया सऊदी अरब को भी कवर करेगी, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट से ट्रंप को राहत, फंडिंग पर रोक का फैसला बरकरार रखा, अरबों डॉलर की विदेशी मदद पर संकट

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राहत मिली है। अदालत ने ट्रंप प्रशासन को लगभग 5 अरब डॉलर की विदेशी सहायता पर रोक लगाने के आदेश को आगे बढ़ा दिया है। यह कदम राष्ट्रपति पद के अधिकारों को लेकर चल रहे विवाद में ट्रंप को एक और बड़ी जीत दिलाता है।

अदालत के रूढ़िवादी बहुमत ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कांग्रेस द्वारा स्वीकृत अरबों डॉलर की सहायता से जुड़े एक मामले में रिपब्लिकन प्रशासन की आपातकालीन अपील को स्वीकार कर लिया। हालांकि, तीन उदारवादी न्यायाधीशों ने इसका विरोध किया। ट्रंप ने पिछले महीने कहा था कि वह यह पैसा खर्च नहीं करेंगे। उन्होंने करीब 50 साल पहले इस्तेमाल की गई विवादित सांविधानिक शक्ति का हवाला दिया।



**निचली अदालत ने ट्रंप के फैसले को अवैध करार दिया था:** अमेरिकी जिला न्यायाधीश आमिर अली ने ट्रंप के फैसले को अवैध करार दिया था और कहा था कि फंडिंग रोकने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी है। इस न्याय विभाग ने उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की। हालांकि, वाशिंगटन स्थित संघीय अपील अदालत ने भी न्यायाधीश अली के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। लेकिन मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने 9 सितंबर को आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी, जिसे अब पूर्ण न्यायालय ने अनिश्चितकाल तक बढ़ा दिया है।

**पहली भी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को दी है राहत :** यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को राहत दी है। पहले भी कोर्ट ने आपातकालीन अपीलों पर ही प्रवासियों की सुरक्षा खत्म करने, हजारों संघीय कर्मचारियों को हटाने, ट्रांसजेंडर सैनिकों को सेना से निकालने और स्वतंत्र सरकारी एजेंसियों के प्रमुखों को हटाने की अनुमति दी थी। हालांकि ये सभी कानूनी जीतें अंतिम फैसला नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने 28 अगस्त को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को पत्र लिखकर कहा था कि वह 4.9 अरब डॉलर की कांग्रेस से मंजूर विदेशी मदद खर्च नहीं करेंगे। इसके लिए उन्होंने पॉकेट रिसीशन (अधिनियम रद्दीकरण) नाम की दुर्लभ प्रक्रिया अपनाई। इसके तहत राष्ट्रपति बजट वर्ष के आखिर में कांग्रेस से अनुरोध कर सकता है कि स्वीकृत पैसा खर्च न किया जाए। लेकिन बजट वर्ष खत्म होने से पहले 45 दिन की मंजूरी की अवधि पूरी नहीं होती, जिससे व्हाइट हाउस का दावा है कि पैसे खर्च न करने का अधिकार मिल जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि विदेश नीति पर राष्ट्रपति की शक्तियां इस मामले में अहम हैं। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अंतिम फैसला नहीं है। जज एलेना कागन ने असहमति जताते हुए कहा, इस फैसले का असर यह होगा कि पैसा अपने असली लाभार्थियों तक कभी नहीं पहुंचेगा, क्योंकि बजट वर्ष खत्म होते ही यह फंड हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। उनके साथ जज सोनिया सोटोमेयर और केतनजी ब्राउन जैक्सन भी शामिल हुईं।

## 9 महीने में 28 हजार से ज्यादा भूकंप के झटके

**सेंटोरिनी, एजेंसी।** ग्रीस का प्रसिद्ध सेंटोरिनी द्वीप इस साल लगातार भूकंपों की झलकियों से हिल उठा। सिर्फ 9 महीनों में 28,000 से ज्यादा भूकंप दर्ज किए गए, जिससे द्वीपवासी और पर्यटक दोनों ही डर और आश्चर्य में थे। वैज्ञानिकों ने अब इस असामान्य गतिविधि का रहस्य सुलझा लिया है। उनका कहना है कि इन भूकंपों की मुख्य वजह पृथ्वी की गहराई से ऊपर उठता मैग्मा है। यह मैग्मा चट्टानों को तोड़ता है और रास्ते बनाता है, जिससे तेज झटके महसूस होते हैं।

वैज्ञानिकों ने सेंटोरिनी और इसके सात किलोमीटर दूर स्थित कोलुम्बो अंडरवाटर ज्वालामुखी में लगाए गए उपकरणों से डेटा इकट्ठा किया। इस डेटा का विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया गया। इसके माध्यम से भूकंपों की गति और पैटर्न को समझा गया। तर्स्न के जियोफिजिस्ट डॉ. मारियस इस्केन ने बताया कि मैग्मा ऊपर उठते समय चट्टानों को तोड़ता है और इससे भूकंप के तेज झटके महसूस होते हैं। उनका विश्लेषण बताता है कि मैग्मा का रास्ता और गति अब वैज्ञानिकों के लिए पहले से कहीं अधिक स्पष्ट हो गई है।

सेंटोरिनी क्षेत्र सक्रिय भूगर्भीय दरारों से होकर गुजरता है। भूमध्यसागर के नीचे मौजूद माइक्रोप्लेट्स खिसकते हैं, जिससे धरती की सतह टूटती है। प्लेटों के धंसने और पिघलने के कारण ज्वालामुखी गतिविधि भी होती है। सेंटोरिनी पहले भी कई बार ज्वालामुखी विस्फोटों का गवाह रहा है। 1956 में यहाँ दो बड़े भूकंप आए थे, जिनकी तीव्रता क्रमशः 7.4 और 7.2 रिक्टर थी, और इसके चलते सुनामी भी आई थी।

## गोदरेज एग्रोवेट का 'माय ग्रेसिया, माय प्राइड' अभियान किसानों के दिल को छू गया

**राजनांदगांव।** भारत की प्रमुख कृषि-व्यवसाय कंपनियों में से एक, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट) ने हाल ही में 'माय ग्रेसिया, माय प्राइड' नाम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य फोकस स्वस्थ पौधों की भूमिका और कृषि समृद्धि में उनके महत्व को उजागर करना है। ग्रेसिया' का सही समय पर उपयोग कीट नियंत्रण में लंबे समय की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, जिससे किसानों को बार-बार छिड़काव करने की ज़रूरत कम होती है और यह मिर्च, पत्ता गोभी, टमाटर, बैंगन व अन्य फसलों में इसकी वर्षा प्रतिरोधक क्षमता उत्कृष्ट है। इस अभियान के तहत, कंपनी ने किसानों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उत्पाद की प्रामाणिकता के बारे में जागरूक करने पर ध्यान दिया है और 'स्पिन एंड विन' प्रतियोगिता भी शुरू की है। यह प्रतियोगिता मार्च 2026 तक चलेगी और यह अंग्रेज़ी, हिंदी, मराठी, तेलुगू, कन्नड़, गुजराती, पंजाबी, उड़िया, बंगाली और तमिल सहित 10 भाषाओं में उपलब्ध है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, श्री राजवेलु एन.के., सीईओ, क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस, गोदरेज एग्रोवेट ने कहा, 'ग्रेसिया किसानों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह बाजार में उपलब्ध अन्य पारंपरिक विकल्पों से अधिक किफायती और प्रभावी है। यह कीटनाशक चबाने वाले कीटों और थ्रिप्स को तेज़ी से नियंत्रित करता है, जिससे किसानों को अपनी फसल की सुरक्षा के लिए रोज़ाना सबसे कम खर्च करना पड़ता है। हम किसानों से अनुरोध करते हैं कि वे असली ग्रेसिया उत्पाद की पहचान के लिए पैक पर दिया गया क्यूआर कोड ज़रूर स्कैन करें, साथ ही ऐसा करने पर वे कैशबैक भी जीत सकते हैं।' देशभर के किसान, जो ग्रेसिया खरीदते हैं, वे बोतल पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके और ओटीपी के जरिए अपने मोबाइल नंबर को वेरीफाई करके प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। राज्य, ज़िला और फसल चुनने के बाद, किसानों को एक वर्चुअल बोतल घुमानी होगी, जिससे वे 200 रुपए तक का कैशबैक जीत सकते हैं। कैशबैक पाने के लिए, किसानों को अपने बैंक खाते से लिंक मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिससे राशि तुरंत ट्रांसफर की जा सके। राजस्थान के जालोर जिले की सायला तहसील के किसान श्री हनुमान चौधरी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'मैंने अपनी फसल की सुरक्षा के लिए 200 लीटर पानी में 160 मिलीलीटर ग्रेसिया मिलाया।

## बीएसएनएल ने शुरू किया इंटेलिजेंट स्वदेशी 4जी नेटवर्क 26,700 और गाँवों को जोड़ेगा

**मुंबई :** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (TCS) (बीएसई: 532540, एनएसई: TCS), भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड (बीएसई: 540595, एनएसई: तेजसनेट) ने साथ मिलकर आज भारत टेलीकॉम स्टैक का अनावरण किया। यह पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित किया हुआ एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है। यह पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल रूप से जुड़े और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से प्रेरित है। इस लॉन्च के साथ, भारत दुनिया का पांचवां ऐसा देश बन गया है, जिसने 4जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक बनाया है। एक मिशन मोड कार्यक्रम के रूप में, टीसीएस ने डेटा सेंटर स्थापित किया, सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशनों और 100,000 से अधिक साइटों पर रेडियो बुनियादी ढांचे को स्थापित और शुरू किया। 24/7 रियल टाइम नेटवर्क प्रबंधन के लिए टीसीएस के कॉग्निटिव नेटवर्क ऑपरेशन्स (टीसीएस सीएनओपीएसझरू) प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर इसके कार्यान्वयन का नेतृत्व किया। इसे पूरा करने के लिए सार्वजनिक और निजी सहयोगियों के बीच गहन इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और निर्बाध सहयोग की आवश्यकता थी। यह परियोजना टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में चलाई जाती है। इसे दो वर्षों के भीतर पूरा किया गया, जिससे यह बीएसएनएल में मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क बुनियादी ढांचे में पूर्ण इंटीग्रेशन के साथ सबसे तेज़ 4जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया। यह रोलआउट भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करता है और ऑनलाइन शिक्षा, नागरिक सेवाओं, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस आदि को एक बटन के टैप पर सुलभ बनाकर भारत में शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में उन्हें समान पहुंचाया जाए यह सुनिश्चित करता है।

## खबर-खास

### लंदन किड्स स्कूल सरायपाली में हुआ मम्मी और बच्चों के साथ गरबा सेलिब्रेशन




**सरायपाली ( समय दर्शन )।** – **London Kids International Preschool**, सरायपाली में नवरात्रि के पावन अवसर पर रंग-बिरंगा गरबा सेलिब्रेशन धूमधाम से आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी मम्मियों के साथ मिलकर गरबा खेला और परंपराओं का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और मम्मियों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक गरबा परिधान पहनकर सुरम्य संगीत की धुन पर गरबा प्रस्तुत किया। पूरे प्रांगण में उल्लास और उत्साह का माहौल बना रहा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना तथा उनमें सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना था। स्कूल के डायरेक्टर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और **London Kids School,** सरायपाली आगे भी इसी तरह के रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### मिशन के बाद अब बर्जेस स्कूल की लीज नवीनीकरण का विवाद

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** मिशन अस्पताल लीज होने के बाद अब सीडब्ल्यूबीएम बर्जेस स्कूल की लीज भी खोने जा रहा है। आरक्षी केंद्र बिलासपुर के ठीक के सामने डबल रोड स्थित यह दो 237715 स्क्वायर फीट यह जमीन सीट नंबर 15, प्लॉट नंबर 12 के अंतर्गत आता है। 1 अगस्त 2025 को सीडब्ल्यूबीएम के पदाधिकारीयों ने नजूल न्यायालय बिलासपुर में पट्टा नवीनीकरण का आवेदन प्रस्तुत किया है। दावा आपत्ति में दो आपत्ति आ चुकी है दोनों आपत्तियां ईसाई समाज की विभिन्न समितियों की है। सीएनआईटीए और आईसीसीडीसी आपत्तिकर्ता है। आगामी तिथि 23 अक्टूबर की है। बर्जेस स्कूल के कंपाउंड में स्थित हॉस्टल बंद पड़ा है इस बंद हॉस्टल को समिति एक निजी नर्सिंग कॉलेज को किराए से देने की जुगत बढ़ा रही है। जिस नर्सिंग कॉलेज को जगह देने की चर्चा चल रही है वह नर्सिंग कॉलेज वर्तमान में मिशन अस्पताल के परिसर में चल रहा है। और पूरा परिसर सरकारी हो जाने के बाद नगर निगम आयुक्त ने नर्सिंग कॉलेज को भी खाली करने का नोटिस दे रखा है। प्रश्न उठता है जब समिति का लीज नवीनीकरण प्रकरण लंबित है तो वह अपनी संपत्ति को किराए पर कैसे दे सकती है वैसे भी लीज संपत्ति को कारा पर देना लीज की शर्तों का उल्लंघन है। और उन्हें करणों से मिशन अस्पताल की लीज निरस्त हुई है।

### एसएलआरएम सेंटर का स्कूली बच्चों एवं एनडीआरएफ की टीम ने लिया प्रशिक्षण

**भिलाईनगर ( समय दर्शन )।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जोन 02 स्थित दशहरा मैदान, जोन 03 बैकुण्ठधाम मंदिर एवं तालाब सहित जोन 04 एसएलआरएम सेंटर एवं वैष्णवदेवी स्कूल में आम नागरिकों के सहयोग से साफ-सफाई हेतु श्रमदान किया गया एवं नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाया गया है।

वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठधाम मंदिर एवं तालाब के आस-पास की सफाई एवं दशहरा मैदान में प्लागिंग एवं झिल्ली, पन्नी उठाने का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग एवं एनडीआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जन भागीदारी कर स्वच्छता में अपना योगदान दिए है। साथ ही शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर एसएलआरएम सेंटर में खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में एनडीआरएफटीम को प्रशिक्षण दिया गया है। जोन क्रमांक 04 अंतर्गत स्कूली बच्चों को एसएलआरएम सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

# वार्डवासियों ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने जनदर्शन में लगाई गुहार

### रबी फसल की बीमा राशि प्रदाय करने दिया आवेदन

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 108 आवेदन प्राप्त हुए।



कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा एवं श्री उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे।

आदित्य नगर वार्डवासियों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 21 स्थित आदित्य नगर क्षेत्र की मुख्य सड़क, जो पानी टंकी के पास से होकर गुजरती है। यह मार्ग बीते 42 वर्षों से वार्डवासियों की आवाजाही का एकमात्र साधन है। लेकिन हाल ही में कुछ लोगों द्वारा इस सड़क पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से पक्के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम पोटिया धमधा के किसान ने रबी फसल का बीमा राशि प्रदाय करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें रबी सीजन 2025 में बोई गई चना फसल का फसल बीमा लाभ नहीं दिया गया, जबकि गांव के अन्य किसानों को बीमा राशि प्राप्त हो चुकी है। कलेक्टर ने तहसीलदार धमधा को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## डॉ. संपत अग्रवाल ने लोहराकोट महाविद्यालय को दिया सर्वांगीण विकास का वादा

**पिथौरा( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आदर्श आवासीय महाविद्यालय, लोहराकोट में आयोजित स्वच्छता और वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर न केवल परिसर में श्रमदान किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया। स्वच्छता अभियान के बाद, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने महाविद्यालय प्रबंधन से संवाद किया। उन्होंने परिसर की मूलभूत सुविधाओं और इसके सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में विधायक डॉ. अग्रवाल ने महाविद्यालय के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आदर्श आवासीय महाविद्यालय हमारे क्षेत्र के भविष्य का आधार है। शिक्षा के साथ-साथ यहाँ का वातावरण भी उत्कृष्ट होना चाहिए। सेवा पखवाड़े के माध्यम से हमने जो स्वच्छता का संकल्प लिया है, वह सिर्फएक दिन का नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। एक स्वच्छ परिसर ही स्वस्थ और उन्नत विचार पैदा करता है।




विधायक डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि वह लोहराकोट महाविद्यालय के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने घोषणा की महाविद्यालय में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे बेहतरीन प्रयोगशालाएँ, पर्याप्त फर्नीचर, आधुनिक क्लासरूम और बेहतर छात्रावास सुविधाओं को सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहाँ के विद्यार्थियों को किसी भी सूरत में शहर के बड़े संस्थानों से कम सुविधाएँ न मिलें। मैं महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करूँगा, ताकि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सके।

इस दौरान, विधायक डॉ. अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परिसर की सफाई में सक्रिय श्रमदान किया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक के इस पहल की सराहना की। यह आयोजन स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति गहरी संवेदनशीलता रखते हैं।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विचारों का स्मरण

**छुरिया ( समय दर्शन )।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर को गैंदाटोला मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती बड़े ही हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाई गई। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों के प्रणेता रहे पं. उपाध्याय जी के विचारों को याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती बीरम मंडावी, सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती हेमिन साहू, सभापति जनपद पंचायत छुरिया, खिलेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष, रामकुमार मंडावी, महामंत्री, हनीफकुरैशी, कोषाध्यक्ष, कुमारसाय साहू व अंजनी शर्मा, उपाध्यक्ष, राजाराम साहू, गजेंद्र साहू व मंजू साहू, मंत्री, सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ-साथ युवाओं की भी भागीदारी उत्साहजनक रही। कार्यक्रम स्थल पर वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आज के सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताते हुए उन्हें जनसेवा का सच्चा प्रतीक कहा। कार्यक्रम के दौरान गौरव अग्रवाल सह मीडिया प्रभारी, प्रदीप वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी, लोकेंद्र ठाकुर सह सोशल मीडिया प्रभारी सहित सोशल मीडिया टीम ने कार्यक्रम की कवरेज की और लाइव अपडेट्स के जरिए पार्टी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया। इस आयोजन में सुकृत साहू, गजेंद्र पाल सोसायटी अध्यक्ष, विष्णु साहू, वसीम कुरैशी, भूपेन्द्र निर्मलकर, उमेश चंद्रवंशी, गोपाल सेन, राहुल निषाद कार्यालय मंत्री, कमलनारायण गुप्ता, अश्वन साहू, सेवा मानिकपुरी, राजू सोयम, पवन सेन, कार्तिक साहू, भीष्म साहू, ब्रह्मा नेताम, गैंदलाल साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## इण्ड टू इण्ड कार्यवाही करते हुए 6 नग अवैध हीरा के साथ हीरा को बेचने वाला, खरिदने एवं खपाने वाले सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध हीरा, गांजा, वन्य जीव एवं अन्य अवैध मामलों पर प्रभाविय कार्यवाही करते हुए रोक लगने के संबंध में निर्देश दिया गया था।जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं थाना पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था।जिन्हें 28 सितम्बर को थाना गरियाबंद को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति जिला अस्पताल गरियाबंद के सामने रोड पर अपने पास बहुमुल्य खनिज सामाग्री हीरा रखा है।जिसे बेचने की फिराक में घुमते हुए ग्राहक का इंतजार करते खड़ा है,इस सूचना पर थाना गरियाबंद से पुलिस स्टाफ घटना स्थल रवाना हो कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति मिले जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम जैन कुमार नेताम पिता स्व बंशीलाल नेताम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम छिंदौला थाना व जिला गरियाबंद का रहने वाता बताया।उक्त आरोपी का तलाशी लिया गया।जिसके लोवर के जेब से एक सफेद कागज में लिपटा हुआ 6 नग हीरा खनिज पदार्थ अवैध रूप से मिला।अवैध हीरा रखने एवं बिक्री करने के संबंध में पुछताछ करने पर आरोपी जैन कुमार नेताम द्वारा बताया गया कि अवैध हीरा को रघुराम ध्रुव पिता स्व.रामजी ध्रुव निवासी कोसमबुड़ा के द्वारा बेचने के लिए दिया।जिसे आरोपी जैन कुमार के द्वारा आरोपी सूरज सोनी पिता संतोष सोनी उम्र 30 साल निवासी जेल कॉलोनी बठेना थाना सिटी कोतवाली धमतरी एवं विशाल सोनी पिता संतोष सोनी उम्र 25 साल निवासी जेल कॉलोनी बठेना थाना सिटी कोतवाली धमतरी को अवैध हीरा बेचने के लिए घटना स्थल में बुवाया था।दोनो आरोपियो को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।प्रकरण में विवेचना के दौरान पतासाजी करते हुए अवैध हीरे का बिक्री करता आरोपी रघुराम ध्रुव पिता स्व. रामजी ध्रुव निवासी कोसमबुड़ा को समक्ष गवाहन के गिरफ्तार किया गया।इस प्रकार प्रकरण में इण्ड टू इण्ड कार्यवाही करते हुए आरोपियां का कृत्य धारा-303(2),3(5)बीएनएस 21(4) खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का पाया जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से 6 नग अवैध हीरा के साथ एक नग हह्हझ।ह्हह्ल कंपनी का मोबाइल, एक रीयलमि कंपनी का मोबाइल को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।प्रकरण के तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




### राजस्व समिति बैठक में बड़े फैसले अब संपत्तिकर और जलकर की होगी अलग अलग वसूली

**दुर्ग।** महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में निगम की राजस्व समिति की बैठक आज राजस्व प्रभारी शेखर चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने मिलकर निगम की आय बढ़ाने, बाजारों की व्यवस्थाओं को सुधारने और अटल आवास योजनाओं में पारदर्शिता लाने पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि निगम की विकास योजनाओं के लिए राजस्व वसूली सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन पर्याप्त अमला (मानवबल) नहीं होने से वसूली प्रभावित हो रही है। इसे बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय संयुक्त कर वसूली झ्व संपत्तिकर और जलकर की एकजायी वसूली होगी, वहीं नल टैक्स की तिमाही वसूली की जाएगी।बाजार व्यवस्था सुधार, बोरसी हाट-बाजार में निष्क्रिय दुकानदारों का आबंटन निरस्त होगा। सिकोला भाठा व नयापारा मार्केट में दुकानों के बाहर अवैध व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।फुटकर व्यापारियों के लिए सुविधा झ्व बोरसी जोन कार्यालय के पास गुमटी स्थापित कर छोटे व्यापारियों को स्थान आबंटित किया जाएगा।

## शारदीय नवरात्र के पर्व पर माता रुद्रेश्वरी मंदिर में रोजाना हजारों भक्तों की उमड़ रही भीड़





### नंगे पांव पैदल लंबी दूरी तय कर माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु, ग्रामीणजन भी केला, सेव, पानी वितरण कर, लगे मानव सेवा में

**नृपनिधी पाण्डेय**

**सरायपाली ( समय दर्शन )।** ब्लॉक मुख्यालय से महज बीस किलोमीटर की दूरी पर सिंघोड़ा गांव के घाटी में स्थित है माता रुद्रेश्वरी मंदिर जहां शारदीय नवरात्र के पर्व पर रोजाना हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ रही है वहीं मंदिर की मान्यताएं हैं कि कोई भी भक्त सच्चे मन से माता से अपनी मुरादे मांगता है तो माता रुद्रेश्वरी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं, वही नेशनल हाइवे के ऊपर घाटी में बना मंदिर काफी प्राचीन बताई जाती है, शारदीय नवरात्र पर हजारों भक्तों की ज्योत प्रज्वलित मंदिर प्रांगण में हो रही है, इस मौके पर आसपास के इलाके सहित प्रांतीय राज्य उड़ीसा, झारखंड, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं कई अन्य प्रदेशों के श्रद्धालु माता रुद्रेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं सरायपाली शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से रोजाना हजारों की तादात में भक्त नंगे पांव पैदल चलकर सिंघोड़ा स्थित माता रुद्रेश्वरी के दरबार में पहुंच रहे हैं। पैदल चलकर आने वाले भक्तों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है तो वहीं सड़क किनारे जगह - जगह भक्तों के लिए ग्रामीण भी केला, सेव, पानी एवं भोजन वितरण करते हुए मानव सेवा में लगे हैं।

## परीक्षा की तारीख बढ़ी, अभाविप ने जताया आभार



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग ने पूरक परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव किया है। पहले ये परीक्षाएं 30 सितंबर और 1 अक्टूबर 2025 को होनी थीं, लेकिन अब इन्हें बढ़ाकर 9, 10, 11, 13 और 24 अक्टूबर कर दिया गया है। इस बदलाव का लाभ बीएससी, बीए, बीकॉम, बीसीए, गृह विज्ञान, बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और डीएड-बीएड के विभिन्न सेमेस्टर के छात्रों को मिलेगा। परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के नगर मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई थी। परिषद की टीम में प्रतीक गढ़ेवाल, युक्ता मंडावी, वेनुका, प्रज्ञा मेश्राम, वंदना साहू और संजना साहू शामिल रहे। छात्रों ने बताया कि श्री मां शारदेय नवरात्रि महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपवास और व्रत रखते हैं। ऐसे में परीक्षा का दबाव उनके स्वास्थ्य और तैयारी दोनों को प्रभावित करता। इसी को देखते हुए परिषद ने विश्व विद्यालय को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग की थी। विश्व विद्यालय प्रशासन ने छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए मांग को स्वीकार कर लिया। अभाविप ने इसके लिए कुलपति और परीक्षा विभाग का आभार जताया है।


**।। न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)।।**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.ई. पंजी./
202509082200021/अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदक परमानंद बक्शी पिता कैलाश प्रसाद बक्शी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.- 16ए भू-खण्ड क्रं. 72/2, 72/8 क्षेत्रफल कमशः 14.72, 70.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में शैलेष कुमार बक्शी आ. स्व. भैयालाल बक्शी साकिन कवर्धा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। मूल धारक द्वारा आवेदक के पक्ष में उक्त संपूर्ण भू-खण्डों का पंजीकृत बयनामा बयनामा दिनांक दिनांक 25.08.2025 को निष्पादित किये जाने से मूल धारक का नाम विलोपित कर क्रेता नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 16/10/25 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/9/25 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 16/9/2025
पेशी दिनांक 16/10/2025

(मुहर)

नजूल अधिकारी
कबीरधाम



**कार्यालय कलेक्टर**
(महिला एवं बाल विकास विभाग)
संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर, जिला-बालोद (छ.ग.)
Phone No. :- 07749-223922, E-Mail ID :- dpobalod@gmail.com

-: ईश्तहार :-



1. बच्चे का नाम – आयुष कुमार साहू
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक – 25/03/2025
3. संस्था – खुला आश्रयगृह (बालक) दुर्ग, जिला दुर्ग
4. रंग – सांवला
5. उम्र – 10 वर्ष लगभग

उक्त बालक दिनांक 25/03/2025 को बालक कल्याण समिति बालोद के आदेश कमांक/80/बा.क.समि./2025 बालोद दिनांक 25/03/2025 से अस्थाई संरक्षण हेतु खुला आश्रयगृह (बालक), दुर्ग जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में निवासरत है। बालक का उम्र 10 वर्ष लगभग ऊंचाई -126 सेमी, वजन - 18 किलोग्राम, रंग - सांवला है, जो किसी हिन्दी भाषा बोलता है। उक्त बालक के संबंध में अथवा बालक के परिवार के संबंध में किसी को जानकारी प्राप्त होती है तो कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बालोद (फोन नम्बर- 07749-223941, 223931, 7987063763) में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बालोद(छ.ग.)

जी- 252603843/2



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद**

Phone No. :-07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in

(ई-निविदा (Zonal Tender) सूचना द्वितीय बार

क्रमांक/ 08 /व.ले.लि./ ग्रा.यां.से./ 2025-26 बालोद, दिनांक 26.09.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) **डौण्डी** ग्रुप (अ,ब,स) निविदा हेतु **प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर** पर दि. 07.10.2025 को ऑनलाईन **निविदा** आमंत्रित की जाती है ।

अतः अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस कार्यालय में दिनांक 08.10.2025 को कार्यालयीन समय अपरान्ह 5.30 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है ।

प्राप्त निविदाओं को दिनांक 09.10.2025 को 11:30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

**(1) निविदा राशि रू. 35.00 लाख एवं 30.00 लाख प्रत्येक ग्रुप**

**(2) अमानत राशि रू. 35000.00 एवं 30000 प्रत्येक ग्रुप**

**(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 1500 प्रत्येक ग्रुप**

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विकय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://res.cg.gov.in/ अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 26.09.2025 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, बालोद**
**जिला- बालोद (छ.ग.)**

जी- 252603825/3

# बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने किया पेंशनर भवन का लोकार्पण



**बसना( समय दर्शन )।** क्षेत्र के पेंशनर्स के लिए समर्पित पेंशनर भवन का लोकार्पण रविवार को बसना विधायक डॉ . सम्पत अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पेंशनर समिति के पदाधिकारी, पेंशनर्स एवं डॉ. खुशबु अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष बसना , महंत लखन मुनि प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, महंत रामप्रसाद दास, महेंद्र सिंह अरोरा पार्षद सहित पत्रकार एवं बड़ी संख्या में पेंशनर तथा शासकीय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

भवन के लोकार्पण के बाद अपने ओजस्वी उद्बोधन में बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने पेंशनर भवन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पेंशनरों भवन वरिष्ठ जनों का केवल मिलन स्थल ही नहीं अपितु उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को समाज के साथ विचार साझा करने का एक सशक्त माध्यम है ।

उन्होंने आगे कहा कि,हमारे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति गहरे सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए कहा कि, यह स्थल हमारे आदरणीय बुजुर्गों को सम्मान, संवाद और सहयोग का एक सुन्दर मंच प्रदान करेगा। वरिष्ठ जनों की मांग पर अपने स्तर पर सदैव सेवारत रहने के साथ ही विभागीय मंत्रीयो से भी चर्चा कर बेहतर सहयोग की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय सचिव रासबिहारी प्रधान ने कहा कि यह भवन आप सभी के सहयोग और संकल्प का परिणाम है। पेंशनर्स के हित में निर्मित यह भवन आने वाले समय में संगठन और सामाजिक कार्यों का केंद्र बनेगा। भवन निर्माण और संचालन में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके पदाधिकारी इस प्रकार हैं।

अध्यक्ष : भगवान प्रसाद सेठ,उपाध्यक्ष : रविलाल पटेल, कमल लोचन प्रधान,सचिव : रासबिहारी प्रधान,कोषाध्यक्ष : वैष्णव पात्र,मीडिया प्रभारी : गुलाब किशोर स्वर्णकार प्रवक्ता एवं संरक्षक : बनमाली प्रधान, युधिष्ठिर कर

सहयोगियों में नन्दलाल भोई, कैलाशचन्द्र साहू, हेमराज पटेल, वालेश्वर प्रधान, गोबर्धन बिशि, दुर्लभ प्रधान, मनाराम यदु, कैलाशचन्द्र प्रधान, दुर्गाचरण भोर, लक्ष्मीनारायण पाण्डे, गणेशराम जगत, रासबिहारी भोई, पुरुषोत्तम सतपथी, अवणकुमार विशाल, सच्चिदानन्द त्रिपाठी, पुरुषोत्तम पटेल, गोकुल नायक, रघुराम पटेल एवं महेन्द्र महापात्र का विशेष योगदान रहा। लोकार्पण अवसर पर उपस्थित अतिथियों और पेंशनर्स ने इस भवन को संगठन की शक्ति और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बताया।

## संक्षिप्त-खबर

### एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन



**दंतेवाड़ा बचेली ( समय दर्शन )।** एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में 'स्वच्छता ही सेवा' थीम के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोमवार को एक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली सीआईएसएफचेकपोस्ट से शुरू होकर घड़ी चौक होते हुए गेस्ट हाउस पर समाप्त हुई। बचेली परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में टी. शिवा कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), सीआईएसएफसीनियर कमांडेंट आशीष कुमार, महेश एस. नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रमिक संघों के पदाधिकारियों सहित परियोजना के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक बने निश्चय मित्र, टीवी मरीज को गोद लेकर पूरक पोषण आहार प्रदान किया



**पाटन ( समय दर्शन )।** राष्ट्रीय टी वी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टी वी मरीजों को पूरक पोषण आहार योजना के तहत पूरक पोषण आहार का वितरण किए जाने की शुरुआत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन से की है। अक्षय मित्र योजना के तहत गोद लिया गया। जिसके तहत आगामी 6 माह तक उसे पूरक पोषण आहार दिया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ने आज एक टी वी मरीज को गोद लेकर उसे पूरक पोषण आहार प्रदान किया। यह कार्य वे आगामी छह माह तक लगातार करेगा। उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों से भी अपील किया कि वे भी अक्षय मित्र बनकर टीवी मरीज की सेवा करे। इस अवसर कर बी एम ओ डॉक्टर बी कठौतिया, कमलेश वर्मा, सैय्यद असलम, सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### एस एम एस और एन एच ए आई द्वारा किया सरकारी अस्पताल परिसर की सफाई, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत निभाई सामाजिक जिम्मेदारी




**पाटन( समय दर्शन )।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत लगातार विविध आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एस एम एस लिमिटेड और एन एच ए आई द्वारा पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह से हाथ में झाड़ू थामे हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर की साफ सफाई किया। स्वच्छता अभियान के बाद सभी ने एक साथ स्वच्छता का संकल्प भी लिया। स्वच्छता के संदेश में देते हुए एस एम एस लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैंनेजर डी विश्वनाथन ने अपने आस-पास साफ़रखने, कचरा न फैलाने, और प्लास्टिक का उपयोग कम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह स्वस्थ जीवनशैली और सुंदर राष्ट्र के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर एस एम एस लिमिटेड के एस कुमार, टीम लीटर राजेश द्विवेदी, रिसेडेंस इंजीनियर निरंजन कुमार , एन एच ए आई के अधिकारी सहित 30 से अधिक कर्मचारियों ने सफाई किया।

### पाटन के मंदिरों में पहुँचे भूपेश बघेल, माता के चरणों में नमन कर प्रदेश-नगर की सुख-समृद्धि की कामना



**पाटन ( समय दर्शन )।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल नगर पंचायत पाटन अंतर्गत विभिन्न मंदिरों में पहुँचे। उन्होंने माता जगत जननी के चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश तथा नगर की सुख-समृद्धि, सौहार्द एवं खुशहाली की मंगलकामना की। भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में माँ शक्ति की अनुकंपा से पाटन के मंदिरों का भव्य नव-निर्माण एवं जीर्णोद्धार हुआ, जो आज अलौकिक भव्यता का अनुपम स्वरूप प्रस्तुत कर रहे हैं। ये मंदिर न केवल पाटन की पहचान हैं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक धरोहर के जीवंत प्रतीक भी हैं।

# कृष्णा किड्स वर्ल्ड स्कूल, पाटन में नवरात्रि का त्यौहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया



**पाटन ( समय दर्शन )।** कृष्णा किड्स वर्ल्ड स्कूल, पाटन में नवरात्रि का त्यौहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इसकी शुरुआत माता दुर्गा जी की आरती के साथ हुआ। दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव यह संस्कृति और सद्भाव का उत्सव हमारे विद्यालय में आज बच्चों को नवरात्रि पर्व की महत्व को साझा किया गया। एवं हमारे विद्यालय के सभी छात्रों को पंडाल भ्रमण हेतु आयोजन किया गया। उसने पाटन के न्यू बस स्टेशन एवं आत्मानंद चौक के पंडाल का दर्शन करवाया गया, इस दौरान बच्चों को कलात्मक पंडाल एवं देवी दुर्गा माता की सुंदर मूर्तियों एवं झांकियो पर विवरण देते हुए इनके महत्व को साझा किया गया। कि किस तरह माता जी महिषासुर का वध किया। और कैसे पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने मिलकर शक्ति का निर्माण किया। अत: यह त्यौहार को देवी दुर्गा द्वारा राक्षस महिषासुर पर विजय की स्मृति में मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। पंडाल भ्रमण पश्चात शाला प्रांगण में पुन: आगमन के पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हमारे नन्हे बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दिया गया व हमारे विद्यालय के कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्र-छात्रो द्वारा जस पचरा का कर्ण प्रिय गायन किया गया तथा इस कड़ी में विद्यालय के बच्चों द्वारा माता जी के स्वरूपों का वर्णन एवं माता के वेश में छात्रा सुसज्जित होकर ऐसा लगा मानो स्वयं माताएं स्वर्ग से धरती पर साक्षात दर्शन दे रही हो एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी गरबा डांडिया का खेल भी मनमोहन रहा। इस प्रकार हमारे विद्यालय में यह त्यौहार बहुत ही उत्सव पूर्ण मनाया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारे डायरेक्टर मैडम श्रीमती अनुपमा उपाध्याय एवं विद्यालय के प्रधान पाठक श्रीमान मयंक कटकवार एवं उप प्राचार्य श्रीमती यामिनी साहू के दिशा निर्देश में संभव हुआ इस कार्यक्रम में हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक गण अपनी योगदान प्रदान किए एवं विद्यालय परिवार के सदस्य

# भाजपा जनों ने किया समाज सेवी संस्थाओं और विकसित भारत चित्रकला के प्रतिभागियों का सम्मान

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनकर रहेगा- विजय बघेल



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन दुर्ग में कार्यरत विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं और विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के सम्मान के साथ संपन्न हुई कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य रूप से दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार,जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी शिवेंद्र सिंह परिहार, अशोक राठी , मंत्री गायत्री वर्मा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सेन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी उपस्थित रहे7आयोजित समापन कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों के सदस्यों, शिक्षा के क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल देश एवं समाज का गौरव बढ़ाने वालों का का स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई।

समाज सेवी संस्थाएं जिनका सम्मान किया गया मातृ छाया सेवा भारती डॉ सुधीर हिषीकार , राहुल बोयर, राजेश ठक्कर ,जितेश साहू ,नव दृष्टि फाउंडेशन कुलवंत भाटिया राज अढतिया, राजेश पारख, प्रभु दयाल उजाला हरमन दुलई श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति श्री राम रसोई चतुर्भुज राठी, जन समर्पण सेवा संस्था बंटी शर्मा ,आशीष मेश्राम, राजेंद्र ताम्रकार, सृजल शर्मा, लक्की अग्रवाल, श्री राधा कृष्ण जीव कल्याण समिति गायत्री डोटे, देवाशीष घोष, हिमांशु जैन, संतोष राजपुरोहित, सुनीता घोष, ऋषभ जैन, अर्चित घोष ,कुमारी नारायणी पांडेय गोल्ड मेडलिस्ट नृत्य एवं वेटलिफ्टिंग स्टेट, दिनेश वर्मा 90 छात्राओं को नवोदय विद्यालय में प्रवेश, कुमारी प्राची देवांगन लिटिया एमएससी नर्सिंग नेशनल टॉप 10 में स्थान, कुमारी कुसुम सिन्हा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नेशनल स्काउट गाइड, शुभम साहू ,ताइक्वांडो प्रशिक्षण निशुल्क पोटिया , श्रीमती मंगतिन / पेख लाल चंदनिया स्वच्छता सेवक मुख -बधिर रहे।

इस अवसर पर लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर से प्रारंभ हुई सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे देश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और यह सारे कार्यक्रम सेवा के भाव के अंतर्गत किए जा रहे हैं रक्तदान शिविर से प्रारंभ हुई स्वास्थ्य सेवा में स्वच्छता दिव्यांग जनों का सम्मान समाज सेवियों का सम्मान प्रोफेशनल मीट और भी कार्यक्रम हो रहे हैं हम देखते हैं कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव से राष्ट्रीय प्रेम की भावना अग्रिम पंक्ति में स्थान देकर कार्य कर रहे हैं स्वयं सेवक के रूप में कार्य प्रारंभ किया उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में विभिन्न दायित्व का निर्वाह करने के बाद भारतीय जनता पार्टी में भी प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की विभिन्न दायित्व का निर्वाह किया मुख्यमंत्री गुजरात के रूप में उन्होंने गुजरात के विकास की नई गाथाएं लिखी हमारे देश के साथ पूरा विश्व भी देखता है हम बात करते हैं उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल की आज हमारा देश दुश्मन देश की आंख में आंख डालकर ललकारता है।

# कलेक्टर उईके ने सियान सेवा सदन का किया निरीक्षण

### बुजुर्गों से आत्मीयता से मिले, वस्त्र-फल भेंट कर उत्तम स्वास्थ्य की कामना की



**गरियाबंद( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम भिलाई स्थित सियान सेवा सदन वृद्धाश्रम का आज कलेक्टर बी एस उईके ने औचक निरीक्षण किया। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से प्रेरक स्वयं सेवी संस्था द्वारा संचालित इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में 18 बुजुर्ग निवासरत हैं।कलेक्टर श्री उईके ने सभी वरिष्ठजनों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।वहां मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी ली।साथ ही रहने खाने की व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा।कलेक्टर ने बुजुर्गों को वस्त्र व फल भेंट किए तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।बुजुर्गों ने कलेक्टर से मुलाकात के दौरान अपने भाव प्रकट किए।उन्होंने कहा कि प्रशासन और संस्था की देखभाल से उन्हें घर जैसा माहौल मिला है।कलेक्टर के आगमन से उन्हें आत्मीय खुशी मिली।इस अवसर पर कलेक्टर ने कोरोना काल के दौरान पश्चिम बंगाल से भटककर आई श्रीमती भगवती दास से भी मुलाकात की। भगवती दास को सियान सेवा सदन ने सहारा दिया है और वे अब यहीं निवासरत हैं।कलेक्टर ने उनसे आत्मीय बातचीत कर उनके सुख-दुख की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हमेशा उनके साथ है।इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी पी ठाकुर, संस्था के प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान आश्रम परिसर, भोजनशाला, रसोईघर एवं निवास व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।उन्होंने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यकता अनुसार सुधारात्मक सुझाव भी दिए।

कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं।उनकी सेवा करना और उन्हें सम्मान देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और आश्रम प्रबंधन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# चिरायु योजना से 02 वर्ष की निधि को मिला नया जीवन



### हृदय का हुआ सफल आपरेशन, अब बिल्कुल स्वस्थ

**मुंगेली( समय दर्शन )।** शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना से लोरमी विकासखण्ड के ग्राम मोहडंडा की 02 वर्ष की बच्ची निधि आंचल को नया जीवन मिला है। योजना के तहत हृदय रोग से पीड़ित निधि का नि:शुल्क आपरेशन किया गया। अब वह बिल्कुल स्वस्थ है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार चिरायु टीम द्वारा जिले में स्कूलों, आंगनबाड़ियों में बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम को आंगनबाड़ी मोहडंडा में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान निधि के हृदय रोग की जानकारी मिली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शीला शाहा ने बताया कि टीम द्वारा निधि के माता-पिता के सम्पर्क कर चिरायु योजना की जानकारी दी गई, जिसके पश्चात लोरमी में शिशु रोग विशेषज्ञ ने बच्ची की जांच कर उपचार हेतु सत्य साईं अस्पताल, रायपुर रेफर किया गया। 14 अगस्त को निधि को सत्य साईं हॉस्पिटल में दिखाया गया जहां जांच उपरांत उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई एवं 21 अगस्त को निधि के हृदय का सफल ऑपरेशन किया गया। अब निधि बिल्कुल स्वस्थ है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरीश कुर्रे ने बताया कि बच्ची जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी, चिरायु योजना निधि के लिए वरदान साबित हुई है। निधि के माता-पिता ने शासन-प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग और चिरायु टीम का आभार जताया, इसमें चिरायु के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी. एस. दाऊ, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र पांडेय, डॉ. अखिलेश बंजारे एवं चिरायु टीम के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीतिका बाजपेयी एवं डॉ. भूपेंद्र वाद्यकार, फार्मासिस्ट अजीत पैकरा, ए.एन.एम नीरा सिंग सहित स्वास्थ्य अमला शामिल रहा।

### 18 प्रकरणों में 403.414 किलो गांजा मादक पदार्थ एवं 650 नग नशीली टैबलेट का किये नष्टीकरण



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** 29 सितम्बर को जिला गरियाबंद के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के 18 मामलो मे कुल 403.414 किलो ग्राम मादक पदार्थ एवं 650 नग नशीली टैबलेट की विधिसम्मत नष्टीकरण की कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट अधिनियम में निहित प्रावधान के अंतर्गत नियमानुसार जायसवाल निको स्टील पावर प्लांट रायपुर के फर्नेस मे मादक पदार्थों को जलाकर की गयी।

उपरोक्त नष्टीकरण की कार्यवाही केंद्रीय गृह मंत्रालय,नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो व पुलिस मुख्यालय के निर्देशो का पालन सुनिश्चित करते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से विधिवत अनुमति प्राप्त कर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा,सदस्य जितेंद्र चंद्राकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरियाबंद व सदस्य गजेन्द्र सिंह जिला आबकारी अधिकारी गरियाबंद की उपस्थिति मे की गई।

# सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ने रक्तदान कर बढ़ाया सेवा पखवाड़ा शिविर का गौरव, भाजपा पाटन मंडल में हेलमेट वितरण भी



**पाटन ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 29 सितम्बर 2025, सोमवार को कुर्मी भवन, पाटन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल, प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा , भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक , जिला महामंत्री दिलीप साहू एवं नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले जी उपस्थित रहे। शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित किए गए, जो इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का मान बढ़ाया और कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।कार्यक्रम के संयोजक अतिश सपहिया, किरण बंछोर एवं विजय बंछोर रहे। मंडल अध्यक्ष श्रीमती रानी बंछोर ने कहा यह सेवा का अवसर है। मैं सभी कार्यकर्ताओं, आमजनों, पार्षदगण, प्राधिकृतिक अध्यक्ष, सभी शक्तिकेंद्र प्रभारी, मंडल पदाधिकारी एवं भाजपा परिवार के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आह्वान करती हूँ कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस महाअभियान को सफल बनाएं।

# डैन्जर्स ऐडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड द्वारा जागरूकता



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** डैन्जर्स ऐडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य व पर्वतारोही एंड गिनिजेज बुक,लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर टीम के 4 सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप,महेन्द्र प्रताप,गोविन्दा नन्द को भारत सरकार मंत्रालय / प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यातायात संबंधित विभिन्न योजनाओ के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में विश्वशांति विश्वपदयात्रा / रथयात्रा जन-जागरूकता अभियान/प्रचार-प्रसार आदि की अनुमति दिया गया है। जिसके तहत उनके द्वारा अब तक विश्व के 11 देशो में 4 लाख 52 हजार कि0मी0 की विश्वशांति विश्वपदयात्रा पूरी की जा चुकी है।इस विश्वशान्ति विश्वपदयात्रा द्वारा वर्ष 2018 में विश्वपदयात्रा के दौरान दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट ऐवरेस्ट बेस कैम्प की यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न की गयी। इस विश्वशांति विश्वपदयात्रा के दौरान अब तक हमारे द्वारा 14 करोड़ 50 लाख पौधो का वृक्षारोपण भी कराया जा चुका है और वहां के विभिन्न स्कूलो,कालेजो,गाँवो एवं सार्वजनिक स्थानो में यातायात के साथ अन्य जनजागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें जागरूक कर स्थलीय निरीक्षण भी कर रही है। उनके द्वारा देश के लगभग 600 जनपदो व सम्पूर्ण प्रदेशो की विश्वशांति विश्वपदयात्रा करते हुए सोमवार को गरियाबंद के तिरंगा चौक में यातायात से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम कर मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहनने तीन सवारी न चलने और शराब या अन्य नशा कर वाहन न चलाने के साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट पहनकर कर वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाए।इस दौरान जिला यातायात के रामाधार मरकाम धर्मेंद्र ठाकुर,मणिलाल,अनिल पाण्डेय,कोमल साहू,वीरेंद्र पटेल उपस्थिति थे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26